TV उत्तरशक्ति NEWS

मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

मुंबई
वर्षः 7 अंक 178
रविवार, 12 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## 5 फरवरी दिल्ली का आपदा से मुक्ति दिवस हैः अमित शाह

**नई दिल्ली, 11 जनवरी।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली के जेएलएन स्टेडियम में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया। गृह मंत्री ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय राजधानी में झुग्गी-झोपड़ियों में गरीबों की पीड़ा के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र पत्थर का लकीर होता है। ये मोदी की गारंटी होती है, जिसको जमीन पर उतरना ही है। भाजपा का घोषणा पत्र आप-दा के घोषणा पत्र जैसा नहीं होता।

अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि आप-दा का घोषणा पत्र सिर्फ झूठ होता है और हम जो कहते हैं वो करते हैं और हम वही कहते हैं जो कर सकते हैं। मैं आज यहां आपको ये कहने के लिए आया हूं कि आप दिल्ली के मुक्तिदाता बन सकते हैं। आप दिल्ली को कई सारी आपदाओं से मुक्त करा सकते हैं और मेरी बात गांठ बांध कर जाना- 5 फरवरी... दिल्ली का आप-दा से मुक्ति का दिन है।

अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने झुग्गीवासियों के दर्द, असुविधा और वादे तोड़ने के खिलाफ गुस्से को सुना है। उन्होंने आपकी सभी समस्याओं की एक सूची बनाकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री मोदी को दी है। हमारा घोषणा पत्र आपको आपकी सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाएगा। बीजेपी का घोषणापत्र प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया, अन्ना हजारे



जैसे संत पुरुष को आगे करके सत्ता पर काबिज हुए और इन्होंने इतना भ्रष्टाचार किया कि देश में भ्रष्टाचार की रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मैं आज कह रहा हूं आप पार्टी वालों- दिल्ली के आप आप-दा बने हो, दिल्ली की जनता के लिए आप-दा बने हो... यही नहीं, केजरीवाल आप पार्टी के लिए भी आप-दा बन गए हैं। क्योंकि जहां-जहां केजरीवाल जाते हैं, जहां-जहां सिसोदिया जाते हैं... दिल्ली वालों को शराब की बोतल दिखाई देती है।

शाह ने कहा कि ये आप-दा 10 साल से दिल्ली के लिए डिजास्टर का काम कर रही है। पूरा देश कहां से कहां से पहुंच गया और दिल्ली और गर्त में चली गई। नल खोलो तो गंदा पानी, खिड़की खोलो तो बदबू, बाहर निकलो तो टूटी सड़क और छठ मनाओ तो स्नान न कर पाए.. ऐसी यमुना, और सड़कों पर गंदगी का ढेर... दिल्ली को नर्क बनाने का काम ये आप-दा ने किया है। रोहिणी विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जिनके अपने घर शीशे के हों, उन्हें दूसरों को पत्थर नहीं मारने चाहिए। संजय सिंह पहले ये बताएं कि अरविंद केजरीवाल किसके घर में रह रहे हैं। अअढ खुद एक भ्रष्टाचार का पिटारा है। भ्रष्टाचार की जननी के रूप में आप इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल को तुरंत राजनीति से बाहर कर देना चाहिए।

## पंजाबः आप विधायक गुरप्रीत गोगी की गोली लगने से हुई मौत, गलती से खुद से चली गोली

**लुधियाना, 11 जनवरी।** पंजाब के लुधियाना पश्चिम जिले से एक बड़ा मामला सामने आया है. आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत गोगी की बीती रात उनके घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई. उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. पंजाब पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है.

इस बीच एएनआई के अनुसार परिवार की ओर से कहा जा रहा है कि वह रात के समय अपने लाइसेंसी हथियार साफ कर रहे थे तभी गलती से गोली चल गई और उनकी मौत हो गई.

पंजाब के लुधियाना पश्चिम जिले से आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत गोगी की बीती रात उनके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गोगी के सिर में गोली लगी है. गोली लगने के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.जानकारी के अनुसार यह घटना आधी रात के आसपास हुई. विधायक गुरप्रीत गोगी को घायल अवस्था में रात करीब 12 बजे डीएमसी अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जसकरन सिंह तेजा ने कहा कि घटना जांच की जा रही है.

गोगी 2022 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए और लुधियाना विधानसभा चुनाव के दौरान दो बार के पूर्व कांग्रेस विधायक भारत भूषण आशु को हराया. बताया जा रहा है कि गोगी किसी समारोह में भाग लेकर घर लौटे थे और खाना खा रहे थे. तभी लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी. अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि ये लूटपाट का मामला था या किसी रंजिश का. फिलहाल पुलिस सभी दृष्टिकोणों से घटना की जांच में जुटी है.

## श्री काशी विश्वनाथ धाम में महाकुम्भ के दौरान नहीं होगा स्पर्श दर्शन

- 12 जनवरी से 28 फरवरी तक स्पर्श दर्शन स्थगित रहेगा
- मंगला आरती के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के आरती के लिए टिकट नहीं उपलब्ध होंगे

सुरेश गांधी



**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में महाकुम्भ के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की संभावना है। ऐसे में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण सूचनाएं जारी की गई हैं। जिसमें कहा गया है कि इस दौरान स्पर्श दर्शन स्थगित रहेगा। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि महाकुम्भ के दृष्टिगत श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए 12 जनवरी से लेकर 28 फरवरी तक स्पर्श दर्शन स्थगित रहेगा। इसके अलावा केवल मंगला आरती के लिए ही टिकट प्रदान किये जाएंगे। मंगला आरती के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के आरती के लिए टिकट नहीं उपलब्ध होंगे। मंगला आरती के अतिरिक्त अन्य समस्त आरतियां, जैसे- मध्यान्ह भोग आरती, सप्त्रिशी आरती, और श्रृंगार आरती के दौरान श्रद्धालुओं को गर्भगृह के चारों द्वारों से दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान विशिष्ट अनुरोध के तहत दर्शन कराने की व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। सुबह मंगला आरती के समाप्ति से लेकर दोपहर 02:00 बजे तक किसी भी प्रकार का विशिष्ट अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। दोपहर 02:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक ही विशिष्ट अनुरोध स्वीकार किये जाएंगे। विशिष्ट अनुरोध के तहत भी स्पर्श दर्शन की व्यवस्था नहीं होगी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने श्री काशी विश्वनाथ धाम की व्यवस्था में सहयोग देने की अपील श्रद्धालुओं से की जाती है, ताकि महाकुम्भ का आयोजन सुचारु रूप से हो सके और सभी श्रद्धालुओं को दर्शन की सुविधा मिल सके।

## राज्यपाल रवि तमिलनाडु की तरक्की को पचा नहीं पा रहे, उनकी हरकतें बचकानी हैं : एम.के.स्टालिन

**चेन्नई, 11 जनवरी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल आर एन रवि इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि राज्य विकास कर रहा है और विधानसभा में अभिभाषण नहीं देने संबंधी उनका फैसला बचकाना है। उन्होंने कहा कि रवि के राज्यपाल बनने के बाद पिछले कुछ वर्षों से राज्य विधानसभा में अजीब दृश्य देखने को मिल रहे हैं। स्टालिन ने विधानसभा में कहा, राज्यपाल विधानसभा में आते हैं, लेकिन सदन में अभिभाषण दिए बिना लौट जाते हैं। इसीलिए मैंने कहा था कि उनकी हरकतें बचकानी हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 176 के अनुसार, राज्यपाल को सत्र की शुरूआत में विधानसभा में अपना अभिभाषण देना होता है। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, लेकिन ऐसा लगता है कि वह योजनाबद्ध तरीके से नियमों का उल्लंघन करने के इच्छुक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 में राज्यपाल ने बिना किसी बदलाव के अपना अभिभाषण दिया।















# बेमेल के इंडिया गठबंधन को बिखरना एवं टूटना ही था



-ललित गर्ग

नरेन्द्र मोदी को सत्ता से उखाड़ फेंकने का ऐलान करने वाला एवं आरएसएस की संविधान विरोधी और विभाजनकारी विचारधारा के खिलाफ बिगुल बजाने के लिये बना बेमेल का इंडिया गठबंधन बनने के सवा साल के अंदर ही बिखर एवं खत्म हो गया लगता है, जब से यह गठबंधन बना तभी से इसमें गहरे मतभेद नजर आते रहे, मुद्दों एवं नीतियों में गहरा बिखराव देखने को मिलता रहा। जितने दल उतनी बातें। अब न मुद्दा एक रहा न मंच। कभी ईवीएम पर अलग-अलग राय तो कभी सम्भल पर, कभी अडानी पर घमासान तो कभी सीटों के तालमेल को लेकर मतभेद। कभी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर विवाद तो कभी विचारों को लेकर विरोधाभास। कभी गठबंधन का नेता बदलने की मांग तो कभी संसद में अपनी अपनी डफली और अपना अपना राग। इन गहरी खाइयों एवं गड्ढ़ों वाले इंडिया गठबंधन ने हरियाणा एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ही उलटी गिरती करना शुरू कर दिया था, अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में यह पूरी तरह से बिखर गया है। अब तो दबी जुबान से बोले जाने वाले तीखे बोल सार्वजनिक हो चले हैं। इंडिया गठबंधन को लेकर गठबंधन से जुड़े नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था, चुनाव खत्म हो चुका है तो गठबंधन भी खत्म हो गया।

इनदिनों बिहार और दिल्ली में सियासी पारा कड़ाके की ठंड में भी गर्म है। वजह है कि दोनों ही राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग है एवं साल के अंत तक बिहार में कौन राज करेगा इसकी तस्वीर भी साफ हो जाएगी। लेकिन इससे पहले दिल्ली एवं बिहार में राजनीतिक सरगर्मियों एवं तीखी बयानबाजी के बाद इंडिया गठबंधन टूट के कगार पर पहुंच गया। दिल्ली चुनाव में ह्यआपह्ल और कांग्रेस के बीच की दूरी और सहयोगी दलों के रुख के बाद गठबंधन की टूट तय हो गयी है और इस बात की पुष्टि गठबंधन के नेताओं से बयानों से हो रही है। वैसे तो इंडिया गठबंधन की नाव कांग्रेस के हरियाणा और महाराष्ट्र में हारने के बाद ही हिचकोले लेने लगी थी, लेकिन दिल्ली चुनाव ने तो उसे लगभग डुबा ही दिया है। कांग्रेस के हाथ का साथ छोड़ इंडिया गठबंधन के सभी दल केजरीवाल के झाड़ू के पीछे खड़े हो गए हैं। ममता की तृणमूल हो या अखिलेश यादव की सपा, उद्धव की शिवसेना हो या इंडिया के बाकी दल, सभी कांग्रेस से दूरी बनाते हुए केजरीवाल के साथ खड़े हो गये हैं। कहा जाता है कि राजनीति में कोई स्थाई दोस्त या दुश्मन नहीं होता, इसलिए राजनीति के बनते-बिगड़ते रिश्तों का यह इंडिया गठबंधन सीरियल नये-नये एपिसोड दिखा रहा है। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पडती रही। इस तरह एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए घातक सिद्ध हुई।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने लोकसभा चुनाव में भले ही अपने लक्षित उद्देश्यों को पाने में तनिक सफलता हासिल की थी, उसने जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में भी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा। लेकिन हरियाणा में कांग्रेस ने ह्यआपह्ल से मिलकर चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। अब यही काम ह्यआपह्ल ने दिल्ली में किया, क्योंकि वह राजधानी को अपना गढ़ मानती है। कांग्रेस भी दिल्ली की अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ने को तैयार नहीं, क्योंकि उसने लंबे समय तक यहां शासन किया है। कांग्रेस यह भी जानती है कि दिल्ली में ह्यआपह्ल के प्रति किसी तरह की नरमी बरतने से वह अपनी बची-खुची राजनीतिक जमीन वैसे ही गंवा देगी, जैसे अन्य राज्यों में गंवा चुकी है। लेकिन इसी बीच यह भी बड़ा तथ्य है कि दिल्ली में ह्यआपह्ल एवं कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ती तो यह भाजपा के लिये बड़ी चुनौती थी, अब भाजपा की दिल्ली में जीत की संभावनाएं बढ़ गयी है। एक बड़ा तथ्य यह भी है कि इंडिया गठबंधन के अधिकांश घटक कांग्रेस के वोट बैंक पर कब्जा करके उभरे हैं। यदि कांग्रेस अब केवल मोदी को पछाड़ने के लिये गठबंधन धर्म निभाती है तो जिन चंद राज्यों में उसकी प्रभावी उपस्थिति है, वहां भी वह कमजोर हो जाएगी। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के घटक दल भी इससे परिचित हैं कि यदि उन्होंने अपने गढ़ों में कांग्रेस के प्रति उदारता एवं सहानुभूमि बरती तो वह उनके उस वोट बैंक को अपने पाले में कर सकती है, जिसे उन्होंने कभी उससे ही छीना था। वास्तव में इंडिया गठबंधन इन्हीं विरोधाभासों के कारण, राजनीतिक जोड़तोड, मजबूरियों एवं विवशताओं के चलते टूट-बिखर गया है। महाराष्ट्र चुनाव के दौरान भी इंडिया गठबंधन के घटक दलों में तालमेल की कमी देखने को मिली थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में आप और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं हो पाया। यह कैसा गठबंधन है, जिसमें इतने अंतर्विरोध एवं असहमतियां हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है और इससे गठबंधन की मूल विचारधारा पर प्रश्न खड़े होने भी स्वाभाविक थे। गठबंधन की सफलता के लिये नीति एवं नियत में एकजुटता जरूरी है। गठबंधन तभी सफलता से चलता है, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें और किसी बड़े लक्ष्य को सामने रखे। क्षेत्रीय पार्टियों की बहुलता और अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियों की प्रधानता के चलते भी इस तरह के गठबंधन को लंबे समय तक चला पाना मुश्किल था। चुनावी हार और सत्ता से बाहर होने की स्थिति में तो ऐसे गठबंधन को संभालना लगभग असंभव ही हो गया था। ऐसी स्थितियों में इंडिया गठबंधन का अंतिम सांसें गिनना स्वाभाविक ही रहा है।

भारतीय राजनीति के अतीत में न जाने कितनी बार विपक्षी एकता के प्रयास हुए, लेकिन वे एक सीमा से आगे नहीं बढ़ सके। ऐसे गठबंधनों की सरकारें भी बनी और वे गठबंधन सरकारें कुछ सीमा तक सफल भी हुई। लेकिन किसी भी गठबंधन की सफलता के लिए यह आवश्यक होता है कि उनके पास कोई साझा उद्देश्य हो और नीतिगत स्पष्टता भी हो। स्पष्टता के इसी अभाव के चलते इंडिया गठबंधन अपने लिए कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम नहीं तैयार कर सका। ऐसे गठबंधन की सफलता की एक अनिवार्यता यह भी है कि नेतृत्व करने वाले दल का प्रभुत्व हो, गठबंधन नेता की प्रभावी छवि हो, उसकी स्पष्ट नीति एवं नियत हो, सिद्धान्त एवं विचार भी मजबूत हो, लेकिन इंडिया गठबंधन में ऐसा नहीं रहा, भले ही लोकसभा चुनाव से पहले बहुत जोर-शोर से इंडिया गठबंधन की बैठकें आयोजित हुई हो, पर अब गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी को न गठबंधन की चिंता है और न उसे किसी समन्वय बैठक की जरूरत महसूस हो रही है। कुछ दिन पहले तक कुछ क्षेत्रीय दल इंडिया गठबंधन का नया नेता चुनना चाहते थे, पर इन क्षेत्रीय दलों को यह भी पता है कि कांग्रेस के बिना उनके गठबंधन का कोई खास वजूद नहीं रहने वाला है। बहरहाल, आम लोगों के नजरिये से देखें, तो कई लोग कुछ ठगा हुआ महसूस कर रहे होंगे और इसका असर यह होगा कि भविष्य में बनने वाले किसी भी ऐसे विपक्षी गठबंधन को जनता का विश्वास जीतने एवं गठबंधन को सफल बनाने में मुश्किल आएगी। इंडिया गठबंधन ने केन्द्र में सरकार बनाने एवं मोदी को परास्त करने की होड़ के साथ बड़ी एकजुटता के साथ बड़े-बड़े वादे किए थे, उन वादों का क्या हुआ? कमजोर बुनियाद पर खड़े इस गठबंधन का यही हश्र होना था, अब भाजपा को मौका मिल गया है। भाजपा नेता कहने लगे हैं कि हमने पहले ही कहा था, ये सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भय से एक साथ आए हैं। हालांकि, यह राजनीति है और यहां दलों की अपनी जरूरतों के हिसाब से गठबंधन बनते-बिगड़ते रहते हैं। आज की राजनीति में यह असामान्य बात नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्ष का मुख्य मकसद भाजपा को हराना था और इंडिया गठबंधन का मकसद भी यहीं तक सीमित था। लेकिन अब ममता बनर्जी हों या उद्धव ठाकरे या अखिलेश यादव हो या केजरीवाल, तेजस्वी यादव हो या शरद यादव सबको स्वाभाविक ही अपने-अपने बैनर और दल की चिंता है, गठबंधन की नहीं।

# जलवायु परिवर्तन का परिणाम है अमेरिका में लगी आग, भारत को भी रहना होगा सावधान



अशोक भाटिया

अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में लगी आग ने विश्व को हिला कर रख दिया है । बीते मंगलवार रात को लगी इस आग में कम से कम दस लोगों की मौत हो गई है और हजारों घर जलकर खाक हो गए हैं। लॉस एंजिल्स के अलग-अलग इलाकों में 1,30,000 से ज्यादा लोगों को घर खाली करने का आदेश दिया गया है। कैलिफोर्निया की अग्नि सुरक्षा विभाग के मुताबिक सबसे पहले मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे आग लगने की खबर मिली थी। लॉस एंजिल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स में लगी यह आग तब तक विकराल रूप ले चुकी थी। अधिकारी आग लगने के शुरूआती वजहों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। 2025 की शुरूआत ही प्रलय की दस्तक के साथ हुई है। अमेरिका में लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भयानक आग बढ़ती ही जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि तेज हवाएं आग को और भड़का सकती हैं। लॉस एंजिलिस शहर और उसके आसपास जंगलों में लगी भीषण आग के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है जबकि कम से कम 12 हजार मकान, इमारतें और अन्य ढांचे जलकर राख हो चुके हैं।

इस आग का कारण खोजने पर कई उत्तर मिलते है। दरअसल मनुष्यों ने जब से तापमान नापना सीखा है, तबसे लेकर आज तक 2024 सबसे गर्म साल रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है, ह्लहम पिछले एक दशक से घातक गर्मी का सामना कर रहे हैंह्व। जापान, भारत, इंडोनेशिया, चीन, ताईवान, जर्मनी और ब्राजील, सभी में अधिकतम तापमान के नए रिकार्ड कायम हुए। यह बढ़ती गर्मी अब पृथ्वी के वाटर साइकिल पर असर डालने लगी है। सन 2024 में पानी से जुड़ी त्रासदियों और संकटों के कारण कम से 8,700 लोगों ने अपनी जानें गंवाईं, चार करोड़ लोग विस्थापित हुए और 550 अरब डालर से अधिक का माली नुकसान हुआ। लास एंजिल्स इसलिए जल रहा है क्योंकि पिछले नौ महीनों के दौरान कोई खास बारिश नहीं हुई। तेज हवाएं सात जनवरी को कई जंगली आगों का कारण बनीं। इसी तरह, वैश्विक तापमान में वृद्धि से उत्तरी अमेरिका में बफीर्ले तूफानों की संख्या बढ़ती जा रही है। अत्यंत ठंडी हवा का जो बवंडर सामान्यतः उत्तरी ध्रुव के आसपास आर्कटिक तक सीमित रहता है, आगे बढ़ने लगा है जिससे अमेरिका, यूरोप और एशिया में भयानक सर्दी पड़ने लगी है। इस बीच हमारे अपने देश में अभी दो धूप भरे दिनों का जश्न मनाया गया। किसी को भी इस बात अहसास नहीं है कि हालांकि उत्तर भारत का कोहरे की चादर में लिपट जाना और यहां ठिठुरन भरी सर्दी पड़ना सामान्य है लेकिन जो हो रहा है वह सामान्य नहीं है।

आंकड़ों के मुताबिक, 2024 के शुरूआती नौ महीनों में 90 प्रतिशत से अधिक दिनों में भारत में कम से कम एक ह्लअत्यंत गंभीर जलवायु संबंधी घटनाह्व जैसे बाढ़ या तूफान आना घटित हुई। उपलब्ध रिकार्डों के अनुसार, जुलाई से अक्टूबर तक की अवधि में 1901 के बाद का सर्वाधिक न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। दिल्ली के बाद अब मुंबई, पुणे और बंगलौर जैसे शहरों सहित दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों में भी हवा जहरीली हो रही है।

भारत में आगे चलकर जलवायु के हालात और बिगड़ने वाले हैं। भारत वैश्विक औसत से अधिक गर्म है। यह दुनिया का अपेक्षाकृत निर्धन इलाका है जहाँ 140 करोड़ लोग रहते है। आने वाले समय में ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन का वैश्विक स्तर चाहे जो भी हो और मोदी सरकार ने भले ही प्लास्टिक, बीएस तीन और बीएस चार वाहनों पर रोक लगा दी हो मगर आने वाले सालों में जलवायु संकट की स्थिति और बिगड़ना तय है। इंस्टिट्यूट फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स नाम की एक शोध संस्था के मुताबिक, जलवायु संबंधी परियोजनाओं पर होने वाला खर्च, जो 2015 में जीडीपी का 3.7 प्रतिशत था, 2021 में बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गया है। लेकिन इसे बहुत कम माना जा रहा है। लेकिन भारत के लिए खर्च से अधिक महत्वपूर्ण है राजनीतिक इच्छाशक्ति और नई और पुरानी तकनीकों का अधिकाधिक इस्तेमाल। मगर हमारे यहाँ धार्मिक और क्षेत्रीय आधारों पर राजनीति की जा रही है और जानकारियों की जगह प्रोपेगेंडा ने ले ली है। कोई नहीं जानता कि 2024 की गर्म हवाओं में कितने लोगों ने अपनी जानें गवाईं, सिवाए इसके कि चुनावों के दौरान उत्तरप्रदेश में एक ही दिन में 33 मतदान अधिकारी इसके शिकार हुए। लेकिन जनता ऊंचे पहाड़ों और समुद्रों में स्थित धार्मिक स्थलों के पर्यटन में व्यस्त है। इस समय ठिठुरन भरी सर्दी चिंता का मुद्दा नहीं है बल्कि आप देख सकते हैं कि लोग ट्रेनों और बसों में लगभग एक दूसरे के ऊपर चढ़कर महाकुंभ में पहुंचने में जुटे हुए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि 2025 भी उतना ही गर्म होगा, जितना गुजरा साल था। शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि 2025 की मौसम संबंधी भविष्यवाणियों और वर्तमान स्थितियां यह संकेत कर रही हैं कि उत्तरी दक्षिण अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और एशिया के कुछ हिस्सों में सूखे के हालात और बदतर होंगे। सहेल और यूरोप के अधिक वर्षा वाले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढेगा। बल्कि शायद 2025, पिछले साल से भी अधिक झुलसानेवाला साल साबित हो सकता है। प्रशांत महासागर के ला नीना चरण में पहुंचने के बावजूद, जिसमें समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से कम रहता है और कुल मिलाकर अपेक्षाकृत ठंडक रहती है, तापमान अधिक रहने की संभावना है। मगर भारत में जलवायु जनसरोकार नहीं है। लोगों को तूफानों, ठिठुराने वाली सर्दी और जलाने वाली गर्मी की कोई चिंता नहीं है। और अब जबकि 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप सत्ता संभालने जा रहे हैं, जलवायु संबंधी प्रयासों को बड़ा धक्का लगना निश्चित है। ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि उनका इरादा यह है कि अमेरिका को पेरिस समझौते से अलग कर दिया जाए। पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन संबंधी संयुक्त राष्ट्रसंघ के झंडे तले किया गया कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता है। 2025 में युद्ध भी बढ़ेंगे, एक और सीओपी का आयोजन होगा- शायद अमेरिका के बिना झ जहां केवल तस्वीरें खींची जाएंगीं, और इसी दौरान अमेजन सूखती जाएगी, प्रशांत महासागर के द्वीप गायब होते जाएंगे और आप और मैं चिलचिलाती गर्मी का शिकार होते रहेंगे। मौसम के ये मिजाज हमें बता रहे हैं कि हम कयामत की और बढ़ते जा रहे हैं।

जंगलों में आग के दो कारण होते हैं। एक है प्राकृतिक और दूसरा अप्राकृतिक। पहले प्राकृतिक कारणों पर आते हैं। आग को जलने के लिए दो चीजों की जरूरत होती है। ऑक्सीजन और तापमान। जंगल ऐसी जगह है, जहां ये दोनों चीजें बखूबी मिलती हैं और यहां की सूखी लड़कियां इस आग के लिए फ्यूल की तरह काम करती हैं। ज्यादा गर्मी या फिर बिजली गिरने पर जरा सी चिंगारी यहां भीषण आग बनने का कारण बन जाती है। वहीं तेज हवाओं के कारण आग पर काबू करना मुश्किल हो जाता है और आग तेजी से फैलती है।

अब अप्राकृतिक कारणों की बात करते हैं। बीते कुछ सालों में हरे भरे जंगलों में इंसानों के पहुंचने का सिलसिला काफी बढ़ा है। छुट्टियां मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग जंगलों में कैंपिंग करते हैं, यहां खाना पकाते हैं और स्मोकिंग भी करते हैं। इस दौरान उनकी जरा सी लापरवाही जंगल में आग का कारण बन जाती है। इसके अलावा ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जिनमें रील बनाने के चक्कर में लोगों ने जंगलों को आग के हवाले कर दिया।

अमेरिका में सबसे बड़ा अग्निकांड 1910 में हुआ था, जब इनलैंड नॉर्थवेस्ट में एक जंगल में लाग लग गई थी। इस आग ने पश्चिमी मोंटाना और उत्तरी इडाहो में तीन मिलियन एकड़ जमीन को जलाकर खाक कर दिया था। इस घटना में 85 लोगों की मौत हुइ थी, जिसमें 78 फायरफाइटर्स थे। जानकारी के मुताबिक, यह अग्निकांड रिकॉर्ड कम बारिश के बाद हुआ था। अग्निकांड का इतना भीषण होने का बड़ा कारण यहां 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं थीं, जिसे कारण आग बेकाबू हो गई और एक बड़े इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। 23 अगस्त को बारिश के बाद इस आग पर काबू पाया गया था।

अभी जिस तरह की तबाही से अमेरिका दो-चार हो रहा है, कुछ वैसी ही तबाही पिछले साल भारत में भी मची थी। अप्रैल 2024 में उत्तराखंड के जंगलों में आग लगी थी। अल्मोड़ा के जंगलों में तो 41 दिनों तक आग धधकती रही थी। 10 लोगों की मौत हुई थी। सैकड़ों एकड़ जंगल स्वाहा हो गए थे। 6 मई 2024 की पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1 नवंबर 2023 से 5 मई 2024 तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की कुल 575 घटनाएं दर्ज हुई थीं जिससे करीब 690 हेक्टेयर यानी 1705 एकड़ क्षेत्र प्रभावित हुआ था। आग लगने की वजहों में क्लाइमेट चेंज तो था ही, मानवीय लापरवाही ने भी बड़ी भूमिका निभाई थी।उत्तराखंड के जंगलों में 2016 में भी भीषण आग लगी थी। तब अप्रैल और मई के बीच में करीब 1600 आग की घटनाएं दर्ज हुई थीं। 4538 हेक्टेयर यानी 11213 एकड़ जंगल स्वाहा हो गया था।फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के मुताबिक भारत के वन क्षेत्र का करीब 36 प्रतिशत हिस्सा आग के लिहाज से बेहद संवेदनशील है।देश में अभी दो धूप भरे दिनों का जश्न मनाया गया। किसी को भी इस बात अहसास नहीं है कि हालांकि उत्तर भारत का कोहरे की चादर में लिपट जाना और यहां ठिठुरन भरी सर्दी पड़ना सामान्य है लेकिन जो हो रहा है वह सामान्य नहीं है। मौसम के ये मिजाज हमें बता रहे हैं कि हम कयामत की और बढ़ते जा रहे हैं।

# घटती बेटियां: कोख में ही छीन रहें साँसें



-प्रियंका सौरभ

**फिर संकट में हरियाणा की 'सुकन्या समृद्धि'**

**घटती बेटियां: कोख में ही छीन रहें साँसें**

हरियाणा में 2024 में लिंगानुपात आठ साल के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया है। हरियाणा में जन्म के समय लिंगानुपात 2024 में गिरकर 910 हो गया है, जो 2016 के बाद सबसे कम है, जब यह अनुपात 900 था। राज्य ने कभी भी डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित आदर्श लिंगानुपात 950 को हासिल नहीं किया है। लड़कों की पसंद के कारण राज्य में लड़कियों की चाहत कम हो गई है क्योंकि उनके परिवारों को डर है कि वे भागकर शादी करने के कारण भविष्य में बदनामी का कारण बन सकती हैं। उनके अनुसार, लड़कियाँ पैसा और संपत्ति कमाकर अपने परिवार की मदद नहीं कर सकती हैं। इसके विपरीत, परिवारों को उनकी शादी में दहेज देना होगा। ऐसी सोच के कारण हरियाणा में लड़कों को शादी के लिए लड़कियाँ नहीं मिल रही हैं। हरियाणा के अधिकांश गांवों में आमतौर पर ऐसी समस्या है।जब तक हरियाणा में लड़के की पसंद में बदलाव नहीं आता, तब तक लिंगानुपात की स्थिति में सुधार नहीं हो सकता।

-प्रियंका सौरभ

कन्या भ्रूण हत्या के लिए बदनाम हरियाणा का लिंगानुपात (एसआरबी यानी जन्म के समय लिंगानुपात) राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार आठ साल के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया है। 2024 के पहले 10 महीनों यानी अक्टूबर तक लिंगानुपात 905 दर्ज किया गया। यह पिछले साल से 11 अंक कम है। वर्ष 2016 में इससे कम लिंगानुपात दर्ज किया गया था। वर्ष 2019 में 923 के उच्चतम स्तर पर पहुँचने के बाद वर्ष 2024 में हरियाणा में जन्म के समय लिंगानुपात घटकर 910 रह गया, जो आठ वर्षों में सबसे कम है। इन आंकड़ों ने हरियाणा के कार्यकताओं और नागरिक समाज के सदस्यों को चिंतित कर दिया है, हालांकि अधिकारियों ने नवीनतम आंकड़ों को ₹मामूली उतार-चढ़ाव₹ करार दिया है। वर्ष 2021 में प्रकाशित राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) के अनुसार भारत में जन्म के समय कुल लिंगानुपात 929 था।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित आदर्श लिंगानुपात 950 से हरियाणा बहुत दूर है। राज्य आज तक इस आंकड़े को हासिल नहीं कर पाया है। लिंगानुपात में गिरावट का मतलब है कि राज्य में लड़कियों को गर्भ में ही मार दिया जा रहा है। आर्थिक प्रगति के बावजूद हरियाणा में बड़ी संख्या में लोग अभी भी बेटों को प्राथमिकता देते हैं। जब तक यह सोच नहीं बदलेगी, लिंगानुपात को लेकर स्थिति में सुधार नहीं होगा। राज्य के लोगों में लड़कों को प्राथमिकता दिए जाने के कारण हरियाणा के पड़ोसी राज्यों में अल्ट्रासाउंड संचालकों और गर्भपात केंद्रों का धंधा खूब फल-फूल रहा है। इन राज्यों में ज्यादा सख्ती नहीं है। हरियाणा से लोग दलालों के जरिए यहाँ पहुँचते हैं और जांच व गर्भपात करवाते हैं। अल्ट्रासाउंड संचालक पैसे के लिए गर्भ में पल रहे भ्रूण की गलत जानकारी भी देते हैं। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब लड़कों को लड़की बताकर गर्भपात करवा दिया गया।

अल्ट्रासाउंड करने वाले और गर्भपात करने वाले एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पिछले एक दशक में इस पैमाने पर उल्लेखनीय सुधार करने वाले राज्य के लिए यह एक झटका है। 2014 में हरियाणा में लिंगानुपात सिर्फ. 871 था। इस पर देशभर में भारी आक्रोश फैल गया और नागरिक समाज संगठनों, राज्य सरकार और केंद्र ने स्थिति को सुधारने के लिए ठोस प्रयास किए। हरियाणा में गिरते लिंगानुपात को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया था। अभियान के बाद राज्य का लिंगानुपात सुधर कर 2019 में 923 पर पहुँच गया। लेकिन 2020 में इसमें फिर से गिरावट शुरू हो गई, जो अब तक जारी है। हालांकि, तब से लिंगानुपात में एक बार फिर से गिरावट देखी गई है, यह झटका ऐसे समय में आया है जब राज्य की महिलाएँ अंतरराष्ट्रीय मंचों सहित खेलों में और साथ ही शिक्षाविदों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

2014 और 2019 के बीच हुई बढ़त प्री-कॉन्सेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स एक्ट, 1994 (पीएनडीटी एक्ट) के सख्त प्रवर्तन के साथ-साथ गहन जागरूकता अभियान के कारण हुई। इसका उद्देश्य हरियाणा में बड़े पैमाने पर जन्मपूर्व लिंग चयन और कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाना था, साथ ही साथ सामाजिक दृष्टिकोण को बदलना था, जिसमें परिवार लड़कों को पसंद करते थे और लड़की को बोझ के रूप में देखते थे। हरियाणा में बच्ची के जन्म पर 21, 000 रुपये की एकमुश्त राशि प्रदान करने और सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से लड़कियों के लिए बैंक खाते खोलने के बावजूद, बालिकाओं को बोझ के रूप में क्यों देखा जाता है। कार्यकताओं का कहना है कि नजरिया बदलने के लिए और अधिक काम करने की जरूरत है और हाल के वर्षों में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के उद्देश्य से बनाए गए कानूनों का क्रियान्वयन ढीला पड़ गया है।

लड़कों की पसंद के कारण राज्य में लड़कियों की चाहत कम हो गई है क्योंकि उनके परिवारों को डर है कि वे भागकर शादी करने के कारण भविष्य में बदनामी का कारण बन सकती हैं। उनके अनुसार, लड़कियाँ पैसा और संपत्ति कमाकर अपने परिवार की मदद नहीं कर सकती हैं। इसके विपरीत, परिवारों को उनकी शादी में दहेज देना होगा। ऐसी सोच के कारण हरियाणा में लड़कों को शादी के लिए लड़कियाँ नहीं मिल रही हैं। हरियाणा के अधिकांश गांवों में आमतौर पर ऐसी समस्या है। कई परिवारों में अगर लड़कियों का पालन-पोषण ठीक से नहीं किया जाता है तो वे कुपोषण का शिकार हो जाती हैं और कुछ समय बाद उनकी मौत भी हो जाती है। हरियाणा की आर्थिक तरक्की के बावजूद यहां की बड़ी आबादी की मानसिकता अब भी नहीं बदली है। जब तक लड़कों और लड़कियों में भेदभाव की यह मानसिकता नहीं बदलेगी, हालात बेहतर नहीं होंगे।

# नर्मदापुरम में क्या कभी निर्लज्ज व्यवस्था का अंत हो सकेगा?



-आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार

नर्मदापुरम जब से पवित्रनगरी में शामिल हुआ है तब से यहा की राजनेताओं, अधिकारियों, चोर उचकके बदमाशों ओर सभी अशिष्टों के ठाठ निराले है वही शहर का आम आदमी न मरे में है ओर ज जिंदा में है। जो कुछ उनींदे से जाग रहे है वे अत्यंत क्षोभपूर्ण अवस्था में है, जिनकी दृष्टि में नेता ओर अधिकारी मिलकर इस नगर की दुर्दशा कर रहे। डेढ़ दशक के नगर विकास की कछुया चाल देखिये टेलीफोन कंपनी ने जमीन के अंदर लाईन डालने पक्की सीमेंटेट सड़के खोद डाली, अमृत जल योजना ने सड़के खोद पाइप लाईन बिछा कर अरबों रुपए खर्च कर सड़के बनाई कि इस नगर के लोग मिट्टी के शेर बने रहे ओर अंदरग्राउंड सीवरेज योजना का तांडव सड़कों पर दिखाई दिया ओर इन तीनों योजनाओ से यहाँ की हर गली हर मोहल्ले में असीमित चमत्कार देखकर न रोया जा सकता है ओर न ही हसा जा सकता है। किसी के पास कोई प्लान नहीं है, नक्शा नहीं है कि किस वार्ड की किस गली में पीने के पानी की पुरानी लाइन, अमृत योजना की नई लाईन ओर सीवेज योजना की पाइप लाइन कहा है ओर वह कैसे काम करेगी, यह यह पग-पग पर कुतूहल के रूप में देखा जा सकता है। चूंकि जल्द ही यह पवित्र नगरी नर्मदालोक के रूप में अपनी पहचान जगत के सामने बनाने जा रही है तब यहा की निर्लज्ज व्यवस्था ओर राजनीति की विदाई होनी चाहिए, यह संकल्प हम आप नहीं लेंगे तो क्या भगवान अवतार लेकर संकल्प दिलाएंगे?

यह एक निर्लज्ज व्यवस्था है जिसका किसी को अता पता नहीं है, सिवाय उस कंपनी को जो इन्हे चलाकर अंग्रेज कंपनी सरकार की तरह लोगों से इन थोपी गई योजनाओ की प्रतिमाह वसूली करेंगे ओर नगर सरकार इनके सामने घुटने टेके बेबश होगी ओर इतनी लाचार होगी की न तो खुद के लिए ओर न ही यहा के नागरिकों के लिए कुछ भी कर सके। जो देखकर भी अनदेखा किए है वे समर्थवान है, जो सत्ता पक्ष के नेता है उनके हाथ बंधे है जो विपक्ष में है वे अपना गीत गाने की हिम्मत खो चुके अपने को इतना कमजोर पिछड़ा साबित करने लगे जैसे कोई अनपढ़ गवार महिला का पति अगर रेल से कही चला जाता था तो वह गाँव वालों को उलाहने देकर उनका जीना हराम कर देती की रेल मेरी सौत मेरे फाइट को लेकर भाग गई अब में क्या करू ,तब मोहल्ले के लोग उसके गुस्से की आग को उसकी खुशामद के पानी से बुझाकर कर उसके साथ हो जाते वैसे ही यहा विपक्ष की हालत बनी हुई है। क्षेत्रीय विधायक ओर सांसद नर्मदापुरम की तकदीर सवारने के लिए कोशिश कर रहे है उन्हे अपनी ही सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था के निर्जज्ज अधिकारियों की कार्यप्रणाली ने शर्मसार कर रखा है ओर उनके सख्त एतराज के बाद भी इस पवित्रनगरी में शराब ओर मांस की घरपहुँच सेवा तो है ही वही स्कूल कालेज की लड़कियां जिस्म के सौदागरों द्वारा दिन रात जिस्मफरोशी में लगी है ओर ये सारी गंदगी यहा की जनता के आलस्य, बलहीनता, अविद्या, पारस्परिक पश्चिमी सभ्यता के टीवी कार्यक्रमों के सिर पर सवार जुनून ओर गृह कलह, के कारण तो है ही, वही मोबाइल में फैली नीली फिल्मे व पाश्चात्य सभ्यता का अधानुकरण तथा धार्मिक-अधविश्वास, अनेक देवी-देवताओं की पूजा, निज धर्म ओर भाषा के प्रति उदासीनता से भी है ओर हम अब उसी नर्मदापुरम की पवित्रनगरी यह कचरा आगामी बनने वाले नर्मदालोक में लेकर जाने वाले है।

'अँगरेज राज हमारे पूर्वजों पर भारी रहा है किन्तु आज अंग्रेज नहीं है ओर देश प्रदेश में धर्म के नायक की सत्ता है फिर जनता के अधिकारों के लिए यह शासन-प्रशासन इतना निरंकुश कैसे हो गया जो अपनी जिम्मेदारी को भूल गया ओर पूरे नगर में योजनाओं के क्रियान्वयन में चल रहे भ्रष्टाचार ओर कछुआ गति से हो रहे निर्माण के असीम कष्ट उठाकर चीख चिल्ला रहे लोगों ओर अखबारों में आँख खोलती खबरों से सारे नगरवासी असन्तुष्ट है किन्तु सरकार ओर जनता के चुनिन्दा नेता ही अब जनता को मूढ़ हुये है। जिला प्रशासन के आबकारी, माइनिग, कृषि, सहकारिता, खनिज ओर पुलिस विभाग विकराल रूप लिए है ओर ये सारे अधिकारी ओर छुटपूट यानि राहू केतू शनिचर जैसे महाकार चम्मच प्रधान तलुए चाटू नेताओ के मुह सुरसा की तरह है जिसमें बत्तीस झचौसठ का गुणाभाग भी फेल है ओर इनका मुह में जाने वाला एक कौर इतना बड़ा है जिसमें नदी तालाब ओर पहाड़ भी कम पड़ जाएँगे। असल में खाने पीने में ये सभी निर्लज्ज हो गए है इसलिए नर्मदापुरम की पवित्रता को इन सारे निर्लज्जो ने हजम कर लिया है ओर इनसे हर एक इज्जतवाला अपने प्राण ओर इज्जत बचाने भाग रहा है।

नर्मदापुरम में नर्मदालोक पुराने घाटों पर बनेगा तो घाटों का स्वरूप बिगड़ेगा? कोरीघाट, सेठानीघाट ओर मंगलवारा घाट आपस में जुड़े है ओर घनी आबादी के रहते यहा पार्किंग आदि की व्यवस्था नहीं, अगर इधर निर्माण होता है तो योजना की राशि डूबने जैसे है इसलिए इसके लिए बनने वाले घाटों ओर नर्मदालोक के लिए पर्याप्त स्थान की आवश्यकता है जिससे नर्मदालोक का यश गौरव बढ़े न की अन्य निर्मित घाटों में इस योजना की लीपापोती हो।

इनकी निर्लज्जता के कारण नर्मदापुरम की पवित्रता अर्थात पवित्रनगरी की पवित्रता रोज मर रही है ओर इस मरी हुई पवित्रता को सोसल मीडिया सहित समूची मीडिया अपने कांधे देकर चल रही है जिसे अधिकांश लोग कमेंट्स कर उसके जिंदा होने का आभास उस पोस्ट को देखने वालों की संख्या से कर रहे है। कुछ पढ़े-लिखे मिलकर इस नगर की पवित्रता के स्वास्थ में सुधार चाहते है, पर जैसे एक चना क्या भाड़ फोड़ेगा, उसी कहावत को सिद्ध करने नेताओं के दमनकारी वाक्य एक मिनिट में पाँच लाख गोली दागने वाली मिसाइल की तरह बयानवाजी कर अपनी निर्लज्जता को छुपाकर दावा करते है की कुछ बाहरी तत्व पवित्रनगरी को अपवित्र बनाने की साजिशें रच झूठ फैला रहे है ओर नगरप्रशासन हो या राज्य व केंद्र शासन की योजनाए वे सभी बिना भ्रष्टाचार के पूरी हो रही है, जो इन्हे सत्यानाशी बतला रहे है वे विपक्षी है। जबकि हर जिंदा ओर मुर्दे को खबर है की यहा विपक्षी घर के है न घाट के इसलिए सत्तापक्ष के मायने न रखने वाले बयान जारी रहते है की उनके विरोधी पवित्रघाट पवित्रनगरी के चोपट होने का भ्रम फैला रहे है ओर सत्ता को बदनाम करने के लिए घर घर शराब बेचकर लोगों को खराब होना का ढिंढोरा पीट रहे है, अगर कोई अपना सत्यानाश करने के लिए घर में शराब बुलाकर पी रहा है तो हम सेवक होते हुये अपना धर्म थोड़ी बिगाड़ेंगे जो उनकी शराब छीनकर टुच्चे बन जाए। वेदों ने सबको ब्रह्म कहा है तो सभी ब्रम्ह हो गए इसलिए इस नगर के सभी ब्रम्ह का हम सम्मान करते है ओर नगर की पवित्रता में सबके योगदान को एक उपकार ही मानते है, यही सभी के लिए संतुष्टि की बात है, हम अपने को स्नेह से शून्य नहीं बना सकते है इसलिए सरकार में रहते हम सभी से स्नेह रख सभी के कल्याण को अपना धर्म समझते है ओर अपने इस धर्म के पालन में मरने को तैयार है, इस प्रकार के बयान सत्ताधारी नेताओं अर्थात बयानवीरों की जुबान से उसी प्रकार बहते है जैसे शहर का नाला नर्मदा में बहता है जिसे नाला नर्मदा में मिलकर पवित्र हो जाता है वैसे ही यहाँ के नेताओं के नालेनुमा बयान से सब तर जाते है। अयोध्या में राम मंदिर बन गया जैसे देश में रामराज्य आ गया। अब देश में सरकारे फ्री की योजनाए, फ्री का राशन, फ्री का पैसा लाड़ली बहनो को दे रही है तो किसी को काम करने की जुर्रत ही नहीं है, फ्री के रुपए से रुपयों का अम्बार लगाने की होड मची है ओर यह अम्बार जुए सट्टे से संभव है, जुए सट्टे में या तो खेलने बाले के यहा रुपयों का अम्बार लगेगा या खिलाने वाले के यहा लगेगा। अगर ऐसे में अगर पवित्र नगरी में भी जुआ शराब सट्टा से रोकना या मांस खाने अथवा गरम गोस्त नोचने से रोकना, क्या यहा के शौकीनों के साथ नाइंसाफी नही होगी, इसलिए देश प्रदेश की ही तर्ज पर नर्मदापुरम के शासन, जिला प्रशासन ओर नेता जनता के साथ नाइंसाफी क्यो करे, इंसाफ करेंगे न, इसलिए यहा यह सब चल रहा है यानि सबका साथ सबका विकास की कड़ी में सबको न्याय भी मिल रहा है। बच्चो का बचपन छिनते हुये स्कूलों की पढ़ाई ऑनलाइन कर उनके हाथों में मोबाइल थमा समय से पहले उन्हे होशियार बना दिया, फिर पढ़े लिखे सभी डिग्रीधारी युवाओं को कैसे छोड़ते उनके हाथों मोबाइल थमा दिया उन्हे मोबाइल से फुर्सत नहीं, शिक्षक 30-31 दिन का एक महिना होने की शिक्षा दे रहे है ओर सरकार के कृपापात्र मोबाइल कंपनियों ने 25-26 दिन का महिना कर दिया। दुनिया भर में 12 महीनों का एक साल होता है, सरकार की मेहरबानी से मोबाइल चार्ज के लिए 13 महीने का साल होकर करोड़ों लोगों से 1 महीने का अनुचित चार्ज किसके पास जा रहा है, सरकार चुप है, देश की सर्वोच्च न्यायालय सुप्रीम कोर्ट खामोश है। संभवतया सरकार ओर कंपनी की इस निर्लज्जता पर इन सबकी चुप्पी के मायने आप ओर हम न समझ सके किन्तु जिसे समझना है वह समझता है। प्रदेश में आप जिस जिले स्थान पर हो वहाँ युवाओं के लिए रोजगार नहीं है, वे बिचारे समझदार हो गए इसलिए सूद व्याज पर निर्भर हो गए। अगर वह भी नहीं, तो घर ही का सही, 'सतोष परम सुखं', रोटी जहा जैसे जिस जुगाड़ से मिल जाए वे पगले स्वाभिमान को भूल उस रोटी की सराहना कर मजे से खाते है। काम धंधे की ओर देखना भी भूल गए, आज नहीं तो कल नौकरी मिल जाएगी इसी संतोष में वे नौकरी की उम्र सीमा बहदुरी से पार कर खामोश रहते है, क्या लगता नहीं की इन युवाओं के शरीर में खून मर गया ओर इन निर्लज्ज व्यवस्था ने उबलते खून को निर्लज्ज पानी बना इनकी जबानी को नष्ट कर दिया है।

# श्री पी.एल. श्रॉफ महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना का श्रम संस्कार शिविर संपन्न



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** चिंचणी-तारापुर शिक्षण संस्थान के श्री पी.एल. श्रॉफ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग का विशेष श्रमदान शिविर 4 से 10 जनवरी 2025 तक श्री साईं बाबा मंदिर, नरपड में आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष रजनीकांतभाई श्रॉफ ने किया तथा मुख्य अतिथि डॉ. रमीलाबेन श्रॉफ, प्राचार्य डॉ. भगवान राजपूत एवं प्र. प्राचार्य डॉ. सुचिता करवीर व अन्य मान्यवर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रातःकालीन योग शिक्षक प्रो. सुधीर भांडवलकर (पतंजलि जिला प्रभारी) ने योग-प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया। प्रतिदिन सुबह 8 से 10:30 बजे तक श्रमदान किया गया। इसमें दहानू में अस्पताल, पुलिस स्टेशन और समुद्र तट की सफाई की गई। इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने नरपड गांव के 300 घरों का सर्वेक्षण कर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जाना गया। इनमें 'पंचायत राज व्यवस्था के माध्यम से लोकतंत्र में भागीदारी' - संजय जोशी (वरिष्ठ पत्रकार, दहानू), 'संविधान और आज का युवा' - विद्याधर ठाकुर (राष्ट्र सेवा दल, मुंबई, पालघर जिला), ' अंतरिक सौंदर्य ' - ब्रह्मकुमारी हिरलबेन, ( प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पास्थल), 'भारतीय संविधान और एनईपी' - प्रो. संजय बहारे, 'साइबर क्राइम', 'आफ्टरकेयर' - दादासाहेब घुटुकड़े (पुलिस निरीक्षक), हेमंत गवली (गोपनीय अमलदार), सूरज लोहार (पुलिस अमलदार), 'छात्रों के लिए व्यावसायिक मार्गदर्शन' - श्रीमती सुवर्णा महामुनि (सचिव, धनश्री फाउंडेशन, बोईसर), 'व्यवसाय के लिए बैंक सहायता' -श्रीमती उज्वला कोकणे, 'यौन संवेदना' - प्रो. वैष्णवी पाटील (अभिनव महाविद्यालय, भायंदर), ' आनंद और स्वास्थ्य' - प्रो. सूरज आष्टेकर (पर्यवेक्षक, एम.के.जूनियर कॉलेज, चिंचणी) द्वारा मार्गदर्शन किया गया। साथ ही प्रो. जगदीश संसारे (सेंट जोसेफ कॉलेज, सतपाला, विरार) - ('पथनाट्य प्रशिक्षण'), चिंतामणि कला भवन, तारापुर में कविता हेमन्त आरेकर (वारली पेंटिंग), वसुधा भिड़े (फूल बनाना), जुइलीलाल (पेपर बैग बनाना) और दिविका भुरकुड (गुलदस्ता बनाना) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रो एकनाथ पाटील (एम.के. जूनियर कॉलेज, चिंचणी), भूपेन्द्र मिश्रा, युगंधरा काजारे, जयदेव माच्छी, निखिल ने शिविर का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की। श्री पी.एल. श्रॉफ महाविद्यालय, चिंचणी के डॉ. प्रेरणा राऊत, ' भाषा की गमतीजमती' - डॉ. वनश्री फालके, प्रो. प्रकाश सोनवणे, कृत्रिम बुद्धिमता' - प्रो. रंजीता कपूर, प्रो. विशाल वाणी, प्रो. जयकांत ठाकुर, ' भविष्य के लिए सिंहावलोकन' - लाइब्रेरियन अन्ना डोंगरदिवे, ' ग्राहक राजा जागा हो' - प्रो. चित्रा आष्टेकर, प्रो. केतल कडू, पूर्व प्रो. राजेंद्र सुका मोरे ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। स्वयंसेवकों ने चुनाव, राष्ट्रीय पर्व, लोकतंत्र एवं संविधान, पर्यावरण विषयों पर पोस्टर बनाये। शाम को खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सभी शिविरों में विद्यार्थियों ने स्वयं भोजन पकाया। डॉ. ज्ञानेश्वर भोसले, प्रो. अमिता पाटील व प्रो. जिज्ञा मोरे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

## बोरीवली डिजाइन फेयर 2025 : एक भव्य शुभारंभ में दिखा नवाचार और सामुदायिक प्रभाव



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बोरीवली पश्चिम के आदित्य एज्युकेशनल कैम्पस में 9 जनवरी को बेहद अपेक्षित बोरीवली डिजाइन फेयर (बीडीएफ) 2025 का शुभारंभ हुआ है। आदित्य ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस (एजीआई) द्वारा आयोजित, इस आयोजन के पहले दिन डिजाइन में रचनात्मकता, सामुदायिकता और नवाचार का समागम देखने को मिला। इसका उद्घाटन भूतपूर्व सांसद श्री गोपाल शेट्टी ने एक पारंपरिक समारोह के दौरान किया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने बड़े उत्साह से राष्ट्रगान गाया। पहले दिन ने चार दिन के इस महोत्सव के लिये मंच तैयार कर दिया। अब यहाँ से प्रदर्शनियों, सम्बोधनों और रचनात्मक प्रस्तुतियों की एक समृद्ध श्रृंखला की अपेक्षा हो सकती है। एआईएमएसआर के निदेशक और मैनेजमेंट के डीन डॉ. बालकृष्ण परब ने कहा, बोरीवली डिजाइन फेयर एक आयोजन से कहीं बढ़कर है। यह जीवन को आकार देने और समुदाय बनाने में डिजाइन की क्षमता को सराहता है। बच्चों को अपनी रचनात्मकता सार्थक समाधानों की दिशा में लगाते देखना प्रेरक है। मुख्य अतिथि का सम्बोधनः सामाजिक रूप से जिम्मेदार डिजाइन के लिये आह्वानः श्री गोपाल शेट्टी ने अपने मुख्य सम्बोधन में डिजाइन के माध्यम से समाज में योगदान देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपने सफर के निजी वृत्तांत बताए, जिनमें कड़ी मेहनत और खुद से सीखने का महत्व उजागर हुआ। श्री शेट्टी ने कहा, विद्यार्थियों को डिजाइन में अपनी कुशलताओं का इस्तेमाल समाज में बदलाव के लिये करना चाहिये- चाहे आप समावेशी जगहें बनाएं या शहरों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिये सरकारी अभिकरणों के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने सार्वजनिक भवनों की सुंदरता और कार्यात्मक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये वृहन्मुंबई महानगरपालिका (एमसीजीएम) तथा झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के साथ गठजोड़ को प्रोत्साहन दिया। प्रदर्शनी का आकर्षणः रचनात्मकता का सर्वोत्तम स्वरूपः प्रदर्शनी की तैयारी आर्किटेक्चर और फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों ने की थी और उस पर काफी लोगों की नजरें टिक गईं। दिन का सबसे अनोखा इंस्टालेशन था पैरामीट्रिक डिजाइन से प्रेरित सीढ़ियों और पौधों की एक सम्मोहक व्यवस्था। इसे आदित्य कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर के प्रिंसिपल, आर्किटेक्ट जमशेद भिवंडीवाला के मार्गदर्शन में आर्किटेक्चर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने बनाया था।

## आईडब्ल्यूडीसी ने राष्ट्रीय जलमार्गों के ढांचागत सुधार के लिए पांच वर्षों में 50,000 करोड़ के निवेश की घोषणा की




**मुंबई/काजीरंगा।** भारत में अंतदेर्शीय जलमार्गों के प्रसार एवं विस्तार पर नीतिगत फैसले लेने वाली सर्वोच्च संस्था अंतदेर्शीय जलमार्ग विकास परिषद (आईडब्ल्यूडीसी) ने राष्ट्रीय जलमार्गों पर ढांचागत तंत्र के विकास से जुड़ी प्रमुख घोषणाएं की हैं। बंदरगाह, जहाजरानी तथा जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत अंतदेर्शीय जलमार्ग विकास कार्यों के लिए कार्यरत नोडल एजेंसी भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने आईडब्ल्यूडीसी की दूसरी बैठक में, अगले पांच वर्षों के दौरान 50,000 करोड़ से अधिक के निवेश की घोषणा की है। इस संबंध में, 21 अंतदेर्शीय जलमार्ग राज्यों में, आज यहां 1400 करोड़ से अधिक की नई पहल शुरू करने की घोषणा की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने की। महाराष्ट्र में, दाभोल क्रीक-वाशिष्ठी नदी (एनडब्ल्यू28) को फेयरवे मेंटीनेंस के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए विचार किया जा रहा है। साथ ही, दाभोल क्रीक-वाशिष्ठी नदी (एनडब्ल्यू28) और मुंबई में एनडब्ल्यू 53 पर कल्याण-ठाणे-वसई क्रीक-उल्हास नदी पर नौगम्यता सहायता शुरू की गई है। मुंबई में आईडब्ल्यूएआई का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की भी योजना है। आईडब्ल्यूडीसी का शुभारंभ आज काजीरंगा स्थित कोहोरा में असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस मौके पर, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल भी उपस्थित थे। बैठक में, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु कुमार, गोवा के बंदरगाह मंत्री एलेक्सियो सिक्वेरा, असम के परिवहन मंत्री जोगेन मोहान, मणिपुर के परिवहन मंत्री खाशिम वाशुम, जम्मू एवं कश्मीर के परिवहन मंत्री सतीश शर्मा, मिजोरम के परिवहन मंत्री पु वनलाल्हाना तथा अरुणाचल प्रदेश के परिवहन मंत्री ओजिंग तासिंग समेत अन्य कई गणमान्य जन भी मौजूद थे। बैठक में, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा, आईडब्ल्यूडीसी ने परस्पर सहयोग के नए दौर की शुरूआत की है और इस सिलसिले में केंद्र तथा राज्य सरकारों ने अंतदेर्शीय जलमार्गों को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया है। ऐतिहासिक रूप से भी अंतदेर्शीय जलमार्गों की भूमिका विभिन्न सभ्यताओं के विकास में अहम रही है लेकिन देश की विकास योजनाओं में 2014 से पहले तक इस पक्ष की उपेक्षा की जाती रही थी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम देश में इन जलमार्गों को पुनर्जीवित करने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं ताकि देश में रेलवे और सड़क-मार्गों पर बढ़ता बोझ कम हो सके और साथ ही, यात्रियों एवं माल ढुलाई ऑपरेटरों के लिए सस्टेनेबल एवं किफायती साधन के तौर पर इसे विकसित किया जा सके। आईडब्ल्यूडीसी में, हमने आर्थिक विकास के अवसरों को बढ़ावा देने की राह में पेश आने वाली चुनौतियों को दूर करने के समाधानों पर काम किया है। इस कड़ी में हमने 1000 ग्रीन वेसल्स को लॉन्च करने की योजना तैयार की है।

## बिहार जनसेवा संस्था ने की कलश यात्रियों की खूब सेवा



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** शिव हनुमान सेवा संस्था के तत्वाधान में पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत गंगोत्री होटल के पास स्थित मैदान में बने भव्य पंडाल में मानस मर्मज्ञ कथावाचक पूज्य श्री वेद नारायण शास्त्री जी महाराज तीर्थराज प्रयागराज के मुखारविंद से नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शनिवार 11 जनवरी 2025 को भव्य कलश शोभायात्रा के आयोजन के साथ हो गया। इस भव्य कलश शोभायात्रा में शामिल सभी मातृशक्तियों के लिए भरपूर जलपान की व्यवस्था सुप्रसिद्ध सामाजिक संगठन बिहार जनसेवा संस्था प्रमुख बबन कुमार सिंह(बी.के.सिंह) के दिशानिर्देशन व विशेष सहयोग से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत भैयापाड़ा, भीमनगर स्थित चिराग विद्यालय के पास की गई थी। इस जलपान वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य व्यवस्थापक दिनेश्वर कुशवाहा, संयोजक चंदन झा के साथ आदित्य शाह, रवि यादव, यश राय, गोलू ठाकुर व नितेश चौधरी आदि का विशेष योगदान रहा।

# 47 लाख के 472 ग्राम हीरोइन ड्रग्स के साथ 4 आरोपियों को बोरीवली पुलिस ने किया गिरफ्तार

### आरोपी जूते के सोल में छिपाकर लाते थे ड्रग्स



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बोरीवली केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत को ड्रग्स मुक्त भारत बनाने की बात कही गई। जिसके लिए बोरीवली पुलिस ने पुलिस स्टेशन की हद में ड्रग्स को लेकर विशेष मुहिम चलाई। इस विशेष मुहिम में बोरीवली पुलिस को जानकारी मिली कि एक आरोपी सुधीर फड़के के ब्रिज के नीचे ड्रग्स बेचने आने वाला है। बोरीवली पुलिस ने जाल बिछाकर एक आरोपी परवेज आलम कासिम अंसारी (48) को 87 ग्राम हीरोइन (ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया।

बोरीवली पुलिस ने अधिक में आरोपी के एक और साथीदार इरफान जरीन खान (35) को नालासोपारा से 1 ग्राम हीरोइन (ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया। बोरीवली पुलिस ने दोनों आरोपियों से सख्ती से जांच की तो उनके दो और साथीदारो की जानकारी मिली। बोरीवली पुलिस ने मीरारोड में जाल बिछाकर 2 आरोपी को मिरारोड से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के नाम शोएब मेहबाब अंसारी (24) और अभिषेक रामजीलाल कुमार (25) वर्ष हैं। दोनों आरोपियों के मूल गांव सहारनपुर उत्तर प्रदेश हैं।

दोनों आरोपियों के पास से 384 ग्राम हीरोइन (ड्रग्स) बरामद किया गया। जिसकी कीमत 38 लाख रुपये है। दोनों आरोपी इतने शातिर हैं कि दोनों उत्तर प्रदेश से जूते के सोल में हीरोइन (ड्रग्स) छिपाकर लाते थे और मुंबई में सप्लाई किया करते थे। चारो आरोपियों के पास से 472 ग्राम हीरोइन (ड्रग्स) बरामद किया गया। जिसकी 47 लाख 20 हजार रुपये है।

बोरीवली पुलिस की सतर्कता की वजह से इन आरोपियों का भंडाफोड़ हो पाया। बोरीवली पुलिस आरोपियों से यह जांच कर रही है कि इन आरोपियों के गैंग में और कितने लोग शामिल हैं और मुंबई में कहां-कहां ड्रग सप्लाई कर रहे हैं।

# महायुति सरकार द्वारा किया गया नालासोपारा बस स्टेशन का दौरा



**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा विरार में परिवर्तन निश्चित रूप से वसई विरार के विकास की दिशा तय करने वाला है। पिछले कई वर्षों से नालासोपारा बस स्टेशन की स्थिति दयनीय एवं दयनीय थी, इसलिए कई नागरिक रेलवे स्टेशन तक पहुंचते-पहुंचते थक जाते थे। नागरिकों के पास रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए पानी से होकर यात्रा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। महाराष्ट्र में महायुति सरकार ने इस मुद्दे को देखते हुए दिसंबर 2023 में केवल नालासोपारा विरार वसई बस स्टेशन को पूरा किए बिना पूरे महाराष्ट्र में कुछ महत्वपूर्ण बस स्टेशनों को पक्का करने का निर्णय लिया और आज 155 बस स्टेशनों का काम पूरा करने की तैयारी कर रही है। निगम के माध्यम से बनाया जा रहा है और इस पर 600 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं. प्रत्येक बस स्टेशन के 1900 वर्ग मीटर अर्थात लगभग 20000 वर्ग फीट क्षेत्र में सीमेंट कंक्रीटिंग का कार्य पूर्ण किया जा रहा है।

नालासोपारा पश्चिम बस स्टेशन से दो दिन पहले एड.सतीश भोंडवे महासचिव अनु मथिया जाति मोर्चा, जीतेंद्र नाइक शहर उपाध्यक्ष आदि भाजपा पदाधिकारियों ने श्री गावित डिपो मैनेजर से मुलाकात की और कई मुद्दों पर चर्चा की। अधिवक्ता सतीश अर्जुन भोंडवे ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे नालासोपारा के लोगों को बस स्टेशन से गुजरने में कम परेशानी होगी और खासकर बरसात के मौसम में पानी से निजात मिलेगी। भाजपा वसई विरार जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वसई विरार में बस स्टेशनों का परिवर्तन महागठबंधन सरकार की देन है और वसई विरार के परिवर्तन के साथ-साथ नालासोपारा विरार का परिवर्तन भी जनता विधायक के माध्यम से देखेगी।

# बोईसर में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** भगवान श्रीराम जी की असीम अनुकम्पा से श्री शिव हनुमान सेवा संस्था के तत्वाधान में पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत गंगोत्री होटल के पास स्थित मैदान में बने भव्य पंडाल में मानस मर्मज्ञ कथावाचक पूज्य श्री वेद नारायण शास्त्री जी महाराज तीर्थराज प्रयागराज के मुखारविंद से नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शनिवार 11 जनवरी 2025 को भव्य कलश शोभायात्रा के आयोजन के साथ हो गया। भव्य कलश शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य यजमान हरीशंकर मिश्रा द्वारा सिर पर पोथी रखकर व उनकी धर्मपत्नी द्वारा सिर पर कलश रखकर किया गया। यह कलश शोभायात्रा कथा स्थल से शुरू होकर स्नेह नगर, चित्रालय, भीमनगर व आजाद नगर होते हुए गंगोत्री ग्राउंड में बने भव्य पंडाल में संपन्न हुई। इस कलश यात्रा में धार्मिक रंग के परिधान पहने सैकड़ों की संख्या में मातृशक्तियों ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा में शामिल सभी जनों के लिए दौरान राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ व एकदंत गणेश मंडल की ओर से जगह-जगह पर जलपान की व्यवस्था की गई थी। बतादें श्री शिव हनुमान सेवा संस्था की ओर से 11 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक प्रतिदिन आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का मानस मर्मज्ञ कथावाचक पूज्य श्री वेद नारायण शास्त्री जी महाराज तीर्थराज प्रयागराज के मुखारविंद से श्रोतागण रसपान करेंगे। 20 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक हवन यज्ञ के पश्चात महाप्रसाद रूपी भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस भव्य कलश शोभायात्रा में मुख्य आयोजक सूर्यनाथ मिश्रा, मनीष उपाध्याय, ललित माली, मुकेश पिंपले, प्रमोद कंकरे, सोनू यादव, प्रकाश शुक्ला, राहुल सिंह, दीपक यादव, सुरेश मौर्या, दीपक मिश्रा, सचिन जायसवाल, नीरज यादव, रोहित यादव, नीरज शाहू, कैलाश वर्मा, रोहित सिंह, निमोर्ही यादव, पंडित विपुल महाराज प्रमुख रूप से शामिल रहे। कलश शोभायात्रा के दौरान सूत्र संचालन शैलबाला सिंह, ललित माली, रोहित सिंह, प्रमशंकर तिवारी द्वारा किया गया।

# गायत्री परिवार द्वारा 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्व संध्या पर निकाली गयी कलश शोभा यात्रा



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के नदीनाका स्थित लतीफ कंपाउंड में गायत्री परिवार द्वारा 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्व संध्या पर निकाली गयी भव्य कलश शोभा यात्रा । बतादें कि गायत्री परिवार भिवंडी के सक्रिय सदस्य रामसिंह यादव द्वारा आयोजित महायज्ञ का आयोजन अयोध्या के श्री राममंदिर प्राणप्रतिष्ठा के वार्षिक उत्सव के अवसर को किया गया है । गायत्री महायज्ञ रविवार सुबह से दोपहर 2 बजे तक चलेगा तदुपरांत भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा । कलश यात्रा व महायज्ञ को सफल बनाने के लिये रामसिंह यादव , संजय चौबे , जितेन्द्र मौर्या , सुनील पुष्पांकर , घनश्याम श्रीवास्तव , सचिन बेदरकर, परशुराम शर्मा , मोतीलाल गुप्ता , विनय सिंह , विन्ध्यवासिनी गुप्ता , बुद्धीसागर दुबे , हरेन्द्र शाह , नीरज यादव , दीपक यादव , मिथलेश ठाकुर , विनोद मौर्या आदि के साथ आस पास के रहवासियों का विशेष योगदान मिला है ।

# प्रकाश अंबेडकर का आरोप, आदित्य ठाकरे के निजी हित में शिवसेना-यूबीटी ने एमवीए तोड़ने का किया फैसला



**मुंबई।** वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) प्रमुख प्रकाश अंबेडकर ने आज आरोप लगाया कि उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) के शिवसेना गुट ने आदित्य ठाकरे के निजी हित के लिए महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को तोड़ने का फैसला किया। इस बीच, इस सवाल के जवाब में कि महा विकास अघाड़ी टूट की ओर बढ़ रही है और गठबंधन में सभी दल अलग-अलग चुनाव लड़ सकते हैं, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मेरा कहना यह है कि चाहे वे एक साथ लड़ें, अलग-अलग लड़ें, एकजुट रहें या अलग हो जाएं, हमारा ध्यान इस पर नहीं है। हमारा ध्यान महाराष्ट्र की प्रगति की दिशा में काम करने पर है। आने वाले सभी चुनावों में जनता का आशीर्वाद हमारे साथ रहेगा।

इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी विभिन्न स्थानीय निकायों के आगामी चुनाव अकेले लड़ेगी। यह महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी में शामिल कांग्रेस और शरद पवार की पार्टी के लिए बड़ा झटका है। पत्रकारों से बात करते हुए, राज्यसभा सांसद ने कहा कि इंडिया ब्लॉक और महा विकास अघाड़ी गठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए है। उन्होंने कहा कि हम मुंबई और नागपुर नगर निगम से अपने दम पर लड़ेंगे, जो होगा सो होगा। हमें खुद ही देखना होगा। हम अपने दम पर नागपुर से लड़ेंगे। ऐसा संकेत हमें उद्धव ठाकरे ने दिया है।

राउत ने कहा कि मैंने अभी हमारे शहर शिव सेना प्रमुख प्रमोद मानमोडे से इस पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि गठबंधन में कार्यकताओं को लोकसभा और विधानसभा लड़ने का मौका नहीं मिलता है। इससे पार्टी बल्कि पार्टी के विकास पर असर पड़ रहा है। हमें नगर निगम, जिला परिषद और नगर पंचायत में अपने दम पर लड़ना चाहिए और अपनी पार्टी को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन को बचाना कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी है। कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## युवक ने पत्नी को फोन पर दिया तीन तलाक, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी, शाहगंज का मामला

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। तीन तलाक कानून आने के बाद भी कुछ लोगो को कानून का भय नही रह गया है। ताजा मामला नगर के एक मुहल्ले निवासी युवती की शादी ग्राम पुरानी बाजार सूरापुर थाना कादीपुर निवासी मेराज पुत्र मोहम्मद अली का विवाद दिनांक 1/4/2021 को मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। शादी के कुछ दिन बीतने के बाद से ससुराल वाले और पति मेराज गाड़ी और दो लाख नगद की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे।विवाहिता किसी तरह अपनी जिंदगी गुजर बसर कर रही थी।




मगर बीते दिनों मेराज फिर दो लाख नगद की मांग को लेकर दबाव बनाने लगा।जब विवाहिता ने पैसा देने में असमर्थता जताई तो मेराज ने मुम्बई में रहते हुए फोन से तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर तलाक दे दिया। शनिवार को समाधान दिवस पर पहुंची और पुलिस को अपनी आपबीती बताते हुए प्रार्थना पत्र देते हुए कार्यवाई की मांग की। वही प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया की मुकदमा लिखा जा रहा है। आगे मामले की जांच कर उचित कार्यवाई की जाएगी।

# वाराणसी में जोरों पर चल रही गणतंत्र दिवस की तैयारियां

## रिजर्व पुलिस लाइन व यातायात लाइन का कमिश्नर ने किया भ्रमण

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट मोहित अग्रवाल ने रिजर्व पुलिस लाइन व यातायात लाइन का भ्रमण किया। गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धूमधाम से गणतन्त्र दिवस मनाया जाएगा।एसीपी लाइन डॉ० ईशान सोनी परेड का नेतृत्व करेंगे। 12 टोलियां होंगी गणतन्त्र दिवस परेड में शामिल, जिसमें पीएसी- 02, सीआरपीएफ 01, होमगार्ड- 02, एनसीसी- 02, महिला पुलिस- 01, ट्रैफिक पुलिस 01, सिविल पुलिस- 03 सहित मोटरसाइकिल, फायर, रेडियो, डॉग स्क्वार्ड, घुड़सवार पुलिस, एस०ओ०जी०, पी.आर.वी. के दस्ते होंगे शामिल, बच्चों के होंगे रंगारंग प्रोग्राम। वाराणसी पुलिस लाइन को सर्वश्रेष्ठ व सुन्दर पुलिस लाइन बनाना हमारा उद्देश्य, 26 जनवरी के पूर्व पूर्ण कर लिये जाये साजसज्जा व मरम्मत के सभी कार्य सीपी। पुलिस लाइन में विशिष्ट व्यक्तियों हेतु प्रस्तावित VIP Lounge के निर्माण स्थल का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश Mounted Police के निरीक्षण के दौरान घोड़ों के रख-रखाव की ली जानकारी एवं



भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों आदि में घुड़सवार पुलिस की गश्त बढ़ाने के दिये निर्देश। यातायात लाइन परिसर में जब्त वाहनों के व्यवस्थित रख-रखाव एवं समय से निस्तारण किये जाने के दिये निर्देश। परेड ग्राउण्ड का निरीक्षण कर ग्राउण्ड को हरी घास युक्त, सौंदर्याकरण कराये जाने व बाउण्ड्री वाल के निर्माण में एकरूपता लाने के दिये निर्देश। यातायात लाइन में हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की ली जानकारी, समय से कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट वाराणसी परिसर व यातायात लाइन में भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त द्वारा मेन गेट, परेड ग्राउण्ड, गेस्ट हाउस, चिल्ड्रेन पार्क में हो रहे निर्माण कार्यों, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जाँच, मरम्मत कार्य की प्रगति का मूल्यांकन, सुरक्षा मानकों का पालन एवं सभी कार्य समय पर पूर्ण हो इसके लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए ।परेड ग्राउण्ड का निरीक्षण कर ग्राउण्ड को हरियाली युक्त बनाकर उसकी साज-सज्जा करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था एस० चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त लाइन एवं यातायात हृदेश कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त लाइन श्रुति श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात अंजनी कुमार राय, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात निरीक्षक व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चोरी की साइकिल के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 कौस्तुभ के कुशल निर्देशन व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल में शासन द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो पर रोक लगाने व वाछिंत गिरफ्तारी के विरूद्ध अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 22/25 अन्तर्गत धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त श्याम सुंदर यादव एसओ शोभनाथ यादव सुलतानपुर सरायख्वाजा जौनपुर उम्र 35 वर्ष को आज दिनांक 11.01.2025 को करंजाकला तिराहे से गिरफ्तार किया गया। जिसको थाने पर लाकर



आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## ईट भट्ठों के मालिकों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ईट भट्ठो के मालिकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेड़ से 2 फिट की दूरी छोड़कर ही मिट्टी निकाले। भट्ठों के उपयोग की जाने वाली मिट्टी 3 फिट से अधिक न खोदे जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन ईट भट्ठो की रॉयल्टी नहीं जमा है।अनिवार्य रूप से जमा कर दिया गया जाए अन्यथा कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान उन्होंने उन्होंने उपस्थित सभी से अपील किया कि फॉर्मर रजिस्ट्री में किसानों को जागरूक कर किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कराने में भी सहयोग करे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरुण सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, महामंत्री अनिल सिंह, ईंट भट्ठा मालिक, पारसनाथ यादव, मंशाराम यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# काशी का मान बढ़ाएंगे जूनियर वैज्ञानिक, मिलेगी आर्थिक मदद

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में आने वाले दिनों में जिले के माध्यमिक विद्यालयों में जूनियर वैज्ञानिक तैयार किए जाएंगे। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों में नवाचार की प्रतिभा तलाशने के लिए जिले में प्रधानमंत्री काशी विज्ञान क्रांति (पीएमकेवीके) की शुरूआत की जाएगी। पीएमकेवीके के तहत विज्ञान में रुचि लेने वाले विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित करने के साथ ही आर्थिक मदद भी दी जाएगी। स्कूल के बच्चों में वैज्ञानिक नवाचार की प्रतिभा को तलाशने के लिए अब नए सिरे से काम किया जाएगा। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की निगरानी में विज्ञान क्लब का गठन किया जाएगा। विज्ञान में रूचि लेने वाले नए-नए आधुनिक उपकरणों की खोज करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन के लिए वैज्ञानिक कोष से आर्थिक मदद भी दी जाएगी। इस योजना का खाका तैयार करने के लिए जिले के राजकीय विद्यालय पीएमश्री क्वींस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों में नवाचार की प्रतिभा की पहचान करने के लिए प्रशासन ने पीएमकेवीके का



प्रस्ताव मांगा है। जिसके तहत वैज्ञानिक, नवाचार के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों को शामिल कर विज्ञान क्लब का गठन किया जाएगा। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए वैज्ञानिक कोष भी बनाया जाएगा। जिससे बच्चों को आर्थिक मदद दी जाएगी। माह में दो बार प्रदर्शनी लगेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों में नई खोज को प्रेरित करने के लिए जिलाधिकारी ने पीएमकेवीके का प्रस्ताव मांगा है। जल्द ही विज्ञान क्लब का गठन कर प्रस्ताव भेजा जाएगा। छात्रों को इसका पूरा लाभ मिलेगा। युवा वैज्ञानिक डॉ. निलिशा रस्तोगी को मलयेशिया में अवॉर्ड बीएचयू के आणविक जीवन विज्ञान इकाई में डीएचआर युवा वैज्ञानिक डॉ. निलिशा रस्तोगी को कुआलालंपुर मलयेशिया में समारोह में राइजिंग स्टार अवॉर्ड-2024 से नवाजा गया है। 1 से 6 दिसंबर तक कुआलालंपुर कन्वेंशन सेंटर (केएलसीसी) में 18वें एशियाई क्रिस्टलोग्राफिक एसोसिएशन सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय क्रिस्टलोग्राफी संघ (आईयूसीआर) ने अवॉर्ड दिया।

यह पुरस्कार एशिया और ओशिनिया में क्रिस्टलोग्राफी के क्षेत्र में उभरते वैज्ञानिकों को दिया जाता है। डा. निलिशा ने माइको बैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के चिकित्सीय रूप से महत्वपूर्ण प्रोटीन आरवी1509 और आरवी2231ए के संरचनात्मक और जैव भौतिक गुण पर अपनी बात रखी।

## चाइनीज मांझा से कटी सिपाही की गर्दन, मौके पर मौत

**डॉ.आबिद खान,** लखनऊ (उत्तरशक्ति)। यूपी शाहजहांपुर से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां बाइक से बरेली मोड़ की ओर जा रहे।एक सिपाही की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई और सड़क पर गिरकर वह तड़पने लगा। सिपाही को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शाहजहांपुर पुलिस लाइन में सिपाही शाहरुख हसन की तैनाती थी। मूल रूप से अमरोहा के रजबपुर निवासी 25 वर्षीय सिपाही शाहरुख पुलिस लाइन से बाइक पर सवार होकर शनिवार की दोपहर निकले थे। वह अजीजगंज में ट्रांसपोर्ट नगर के आसपास से गुजर रहे थे।तभी अचानक



चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में फंस गयाःजिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद आस-पास के लोगों ने सिपाही को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।लेकिन बचाया नहीं जा सका। गौरतलब है कि चाइनीज मांझे पर पहले से ही प्रतिबंध है। बावजूद इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। जो जानलेवा साबित हो रहा है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

## लड़की को बहला फुसलाकर भगाने वाला गिरफ्तार, लड़की को पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। प्रभारी जयप्रकाश यादव थाना जफराबाद के मार्गदर्शन में उ0नि0 संजय कुमार मय हमराह पुलिस बल के साथ मु0अ0सं0 157/2024 धारा 137(2)/87/61(2) बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता की बरामदगी करते हुए वांछित अभियुक्त मैन उर्फ तुशाल उर्फ मयंक पुत्र जीतू बिन्द नि0 इमलो पाण्डेयपट्टी थाना जफराबाद जौनपुर उम्र करीब 18 वर्ष को हौज तिराहा से समय 13.45 बजे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। लड़की को परिजनों को सौंपा गया।

## पूर्व सभासद ने लगाया धमकी देने का आरोप

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस पर पहुंचे पूर्व सभासद ने एक दबंग पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को समाधान दिवस पर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए है पूर्व सभासद एवं वर्तमान सभासद प्रतिनिधि आशुतोष अग्रहरि उर्फ डम्पी ने आरोप लगाया की एक दबंग जिसका मेरे सभासद मित्र श्रेयांश गुप्ता से जमीनी विवाद चल रहा है। उसने मुझे पैसे की डिमांड की और धमकाया की इस मामले में न पड़ो नही तो अंजाम बुरा होगा। धमकी से डरे पूर्व सभासद ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए उक्त दबंग के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है।

## समाधान दिवस पर पड़े पांच प्रार्थना पत्र

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस पर कुल पांच प्रार्थना पत्र पड़े। हालांकि पांचों में से एक भी प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण नही हो सका। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया की हमारी प्राथमिकता अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ क्षेत्र में अमन शांति बनाए रखना है। जितने भी प्रार्थना पत्र पड़े है उसमें मौके पर भेज सभी मामलों की जांच करवाई जा रही है।

## कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को 8 अंटा चाइनीज मांझा के साथ किया गिरफ्तार

**रियाजुल हक क्राइम रिपोर्टर**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। चाइनीज मंझा के साथ शनिवार को एक अभियुक्त 1- रोहित पाल उर्फ लाला निवासी मोहल्ला नईपुरा थाना जफराबाद जौनपुर हाल पता मोहल्ला नईगंज थाना कोतवाली जौनपुर को 08 अंटा चाइनीज मंझा के साथ पकडा गया। मंझा बरामदगी के आधार पर मु0 अ0 स0 10/2025 धारा 223(2)/293/125 बीएनएस 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधि0 बनाम रोहित पाल उर्फ लाला निवासी मोहल्ला नईपुरा थाना जफराबाद जौनपुर हाल पता मोहल्ला नईगंज थाना कोतवाली जौनपुर के पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।




## गौराबादशाहपुर पुलिस ने मनचले युवक को किया गिरफ्तार

गौराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थानाध्यक्ष फूलचन्द पाण्डेय के निर्देश के क्रम मे उ0नि0 संतोष कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 वीरेन्द्र कुमार यादव व म0का0 रीना राय मय चालक का0 राजू पटेल मय सरकारी यू0पी0 62 ए0जी0 0278 के साथ रवाना होकर क्षेत्र मे मामूर थे कि अम्बेडकर मुर्ती के पास बहद ग्राम सकरा मे एक लडका रास्ते मे आने जाने वाली महिलाओं को देखकर छींटाकसी व अश्लील गाना गा रहा था व अश्लील हरकत कर रहा था। मौके पर पहुंचकर उ0नि0 संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त लड़के का नाम पता पूछा गया तो अपना नाम प्रभात चौहान पुत्र भैयालाल चौहान निवासी रामपुर सकरा थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष बताया ।जिसे कारण गिरफ्तारी बताते हुए पुलिस हिरासत मे लेकर थाना स्थानीय पर लाकर मु0अ0सं0 10/2025 धारा 296 (बी) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 40 वर्षो से हो रहे क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

सुजानगंजजौनपुर(उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के श्री स्वामी कृष्णानंद इंटर मीडिएट कॉलेज बेलवार मे क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन विगत 40 वर्षो से लगातार किया जा रहा है जिसका शुभारंभ हनुमानजी और स्वामी जी का पूजन अर्चन करते हुए किया गया।मुख्य अतिथि मनोज कुमार द्विवेदी ने फीता काटते हुए कहा स्वामी श्री कृष्णानंद महाराज जी के इस विद्यालय प्रांगण में बहुत दूर दूर से टीमें अपनी सहभागिता निभाते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मुंबई के उद्योगपति प्रदीप कुमार मिश्र ने बैटिंग कर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं इस धरा से जुड़ा हुआ हू भले ही मुंबई में रहा परन्तु दिल और दिमाग हमेशा यही रहता है आज यहां पर ऊजार्वान नौजवानों को देखकर हृदय प्रसन्न हो गया कि हमारे जीवन में खेल एक अभिन्न अंग है जिसे हमे खेलना चाहिए और इससे शारीरिक रूप से हमे काफी लाभ प्राप्त होता है। वहीं पर प्रतियोगिता में जौनपुर और शिवरिहा के बीच हुआ जिसमें जौनपुर ने शिवरिहा को 8 ओवर में 88 रन बनाकर 8 रनों से हरा दिया।

# शाहगंज में घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता करने वालों पर दर्ज हुआ मुकदमा

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शाहगंज जमीन विवाद में घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट और लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर पांच नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

शाहगंज नगर के नई आबादी स्थित स्टेट बैंक कालोनी में एक जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। इसी विवाद में 31 दिसंबर की दोपहर सुरिस गांव निवासी एक पक्ष दर्जन भर लोगों के साथ घर में घुस गया। आरोप है कि महिलाओं के साथ मारपीट और अभद्रता की गई। साथ ही मकान व जमीन खाली न करने पर जान से मारने की भी धमकी दी थी। पीड़ित हुमैरा खातून पुत्री अब्दुल मन्नान ने तहरीर में आरोप लगाया कि है कि मारपीट करने पहुंचे लोगों ने आभूषण और दो लाख रुपए नगदी लूट लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुरिस निवासी दानबहादुर सिंह, रणविजय सिंह, विकास सिंह, धनंजय सिंह, पुष्पनगर निवासी विशर्वेद सिंह समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है, अब देखना यह है कि पुलिस उक्त मामले में कितना निष्पक्ष जांच कर पाती हैं ताकि भुगत भोगीयों को न्याय मिल सके।

## दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर दो युवकों को किया घायल, हालत गम्भीर, जिला अस्पताल रेफर

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने चाय नास्ता कर रहे दो युवकों पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। बताया जाता है की कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरंद निवासी 26 वर्षीय मो.फहीम पुत्र अबु हासिम एवं 27 वर्षीय मो. अफजल पुत्र गुफरान अहमद शनिवार की सुबह गाँव के ही एक चाय की दुकान पर बैठे थे तभी अचानक से पहुँचे आधा दर्जन की संख्या दबंगो ने उक्त दोनों युवकों पर किसी धारदार हथियार से ताबड़तोड़



हमला कर दिया जिससे दोनों युवक खून से लहूलुहान हो गए। चिल्लाने पर आए दबंग भाग गए। तब तक वहां पर काफी भीड़ लग चुकी थी। आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से घायल अवस्था मे दोनों युवकों को उपचार हेतू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतू जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं पीड़ितों द्वारा मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गयी है।

# नये जिला कारागार के निर्माण की समीक्षा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में जनपद में नवीन जिला कारागार के निर्माण



कार्य के समीक्षा हेतु तकनीकी प्रकोष्ठ की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में संपन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नवीन जिला कारागार के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्य की प्रगति को बढ़ाया जाए, मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए तथा निर्माण के दौरान कार्यस्थल पर उत्पन्न अवरोधों अथवा अतिक्रमण को दूर करने हेतु संबंधित के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य किया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, जेल अधीक्षक, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## केराकत उद्योग व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह आज

**गुड़िया राज**

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत उद्योग व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को 12:30 बजे स्थान तीर्थराज मैरेज हॉल में तैयारी करते हुए कार्यक्रम स्थल को फूल मालाओं एवं टेंट और कुर्सियों से सजाया गया है। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी पूरे जोश खरोश से किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद जौनपुर के पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन रहेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी, प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर, नगर अध्यक्ष जौनपुर राधे रमण जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष जौनपुर एवं नगर पंचायत केराकत चेयरमैन के ससुर अशोक जायसवाल, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष अग्रहरि, जिला अध्यक्ष सराफा एसोशिएशन व नगर उपाध्यक्ष अमर जौहरी जी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत केराकत चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल एवं उनके पति प्रतिनिधि युवा नेता कृष्णा जायसवाल उर्फ गोलू करेंगे। 12 जनवरी दिन रविवार को होने वाले पूरे कार्यक्रम की जानकारी केराकत उद्योग व्यापार मण्डल के नेता एवं होने वाले नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार उपाध्याय उर्फ राजू ने मीडिया के लोगों को दी गई है। साथ ही सभी व्यापारियों से समय पर पहुंचने का उन्होंने आग्रह भी किया है।

**अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे शपथ ग्रहण समारोह में व्यापारीः कृष्ण कुमार उपाध्याय राजू**

## उत्तरशक्ति के क्राइम रिपोर्टर रियाजुल हक की निगरानी में पिछले लॉकडाउन से दफन हो रहा लावारिश शव

### रामपुर थाने से प्राप्त लावारिश शव हुआ दफन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लावारिश लाश इंतजामिया कमेटी ने शुक्रवार दोपहर को जौनपुर जिले के रामपुर थाने से मिला एक शव दफन करवाया। शव के बारे में पुलिस ने बताया की उक्त शव थाना क्षेत्र के डीह स्थान के पास मृत हालत में मिला था जिसको 72 घंटे रखने के बाद पोस्टमार्टम होने पर पता चला की मुस्लिम समुदाय का है तो कमेटी को सौंप दिया गया। शव को बाद नमाज जनाजा पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से हजरत हम्जा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दक्षिण तरफ दफनवाया गया।जनाजे की नमाज हाफिज अजहर रसीदाबाद ने पढ़ाई, कमेटी के उपाध्यक्ष मास्टर मेराज अहमद ने बताया की यह कमेटी द्वारा 149 वी मिट्टी दफन करवाई गई है।अध्यक्ष रियाजुल हक की देखरेख में कमेटी पिछले लॉक डाउन से यह कार्य कर रही है। उक्त मिट्टी में विशेष सहयोग समाजसेवी शकील ड्रग्स, फिरदौस बानो, शहजादे, अब्दुल समद, अबुसाद, हाफिज जावेद मारूफपुरी, डॉ.अकील, शाह फहद, हफीज शाह, वारिश अली परवाना का रहा वही मिट्टी में आतीक, शहजादे, अकरम मंसूरी, नूरुद्दीन मंसूरी आदि पुलिस प्रशासन की तरफ से गौरव मिश्र कॉन्स्टेबल, विनोद यादव मौजूद रहे।



# गर्म कपड़े पाकर दिव्यांग बच्चों के खिले चेहरे

बक्शा,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में दिव्यांग बच्चों के बीच तृप्ति जलपान गृह के अधिष्ठता विमल गुप्ता व उनकी पत्नी अंजना गुप्ता ने आज स्कूल पहुंच सभी दिव्यांग बच्चों को गर्म कपड़े व मिष्ठान वितरित किया है। गर्म कपड़े पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए। इस मौके कर विमल गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है ऐसे बच्चे समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहें हैं जो समाज से कटे है। उन्होंने कहा कि वे हर सम्भव इन बच्चों की मदद के लिए तत्पर है।संस्था संचालक डॉ.प्रमोद कुमार सैनी ने बताया कि यह संस्थान दिव्यांग बच्चों को निः शुल्क शिक्षण प्रशिक्षण भोजन कपड़ा स्वास्थ परिक्षण दिव्यांग प्रणाम पत्र उपकरण आदि सुविधा उपलब्ध कराता रहता है और आगे भी कराता रहेगा। इस मौके पर मनोज माली, सोनम यादव, मंजू प्रजापति, काजल प्रजापति, शिवम सैनी, सत्या, लकी यादव, मनोज गुप्ता, राजेश कुमार, सुमन आदि दिव्यांग बच्चे उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



# मलूकपुर गांव निवासी दलित दंपति के आश्रित को मिलेगा प्रधानमंत्री आवासः रमेश सिंह

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खुटहन के विशुनपुर ग्रामसभा के मलूकपुर गांव निवासी दलित दंपति की खेत की बाड़ में लगे नंगे तार के करेंट से हुई मौत के मामले में घटना के सातवें दिन उनके आवास पर पहुंचे स्थानीय विधायक रमेश सिंह ने दोनों नाबालिग बेटियों से मिल उनके सिर पर ममता का हाथ फेरा। उन्होंने बेटियों की आर्थिक मदद कर एक अभिभावक की तहर उन्हें संभव मदद का भरोसा दिया। आश्वासन दिया कि शव को बहुत जल्द बरामद कर लिया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि गांव के दलित दंपति रामचरित्तर अपनी पत्नी किस्मत्ती के साथ गत रविवार की सुबह खेत की सिंचाई के लिए गए थे। जहां से दोनों पति पत्नी लापता हो गए। पुलिस की पड़ताल में उनकी मौत का कारण बगल के खेत में नंगे तार से लगाई गई बांड़ में प्रवाहित विद्युत करेंट की चपेट में आने से होना साबित हुआ। मामले में पुलिस ने एक चमकदार को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। उसकी निशानदेही पर शव की तलाश करायी जा रही है। सप्ताह बीतने को है उनका शव बरामद नहीं हो पाया है। मृतक के घर ढांढस बंधाने पहुंचे विधायक ने बीडीओ गौरवेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि परिजन को अविलंब प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध करायें। मौके पर मौजूद उप



जिलाधिकारी राजेश चौरसिया से कहा कि जितनी सरकारी योजनाओं की वे पात्र हैं, उसका पूरा लाभ नाबालिग पुत्रियों को अविलंब मुहैया कराए। इस मौके पर सीओ अजीत सिंह चौहान, तहसीलदार आशीष सिंह, थानाध्यक्ष खुटहन दिव्य प्रकाश सिंह, रोशन अली लेखपाल, अजीत सिंह, संदीप यादव, कृष्णा यादव, अवधेश सिंह, अनीस शाह, बिपिन सिंह, वीरेन्द्र कुमार, रिंकू मिश्र, गोल्डू मिश्र, विनोद यादव आदि मौजूद रहे।

## आज सांताक्रूज पूर्व में महासंकीर्तन यात्रा

मुंबई। योग वेदांत सेवा समिति अंधेरी व युवा सेवा संघ द्वारा मकर संक्रांती निमित्त 'पूज्य संत श्री आशारामजी बापू' की पावन प्रेरणा से 'महासंकीर्तन यात्रा' का आयोजन 12 जनवरी 2025 दिन रविवार शाम 4 बजे से किया गया है.महासंकीर्तन यात्रा का शुभारंभ स्थान एयर इंडिया कॉलोनी, कलीना, सांताक्रूज पूर्व मुंबई से सुरु होकर पूणार्हुति सीनियर रेलवे इंस्टिट्यूट, सांताक्रूज पूर्व मुंबई रेलवे हॉल समापन तथा महाप्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। सभी साधक भाई-बहन इस यात्रा में अवश्य सहभागी बनें व औरों को भी सूचित करें महासंकीर्तन यात्रा मे लगभग हजारों की संख्या मे भक्त लोग शामिल होगें।

## बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर अपहरण कर ठेकेदार से लूट

जौनपुर। जौनपुर जिले के शाहगंज - क्षेत्र के ताखा पश्चिम गांव निवासी टाइल्स ठेकेदार से अज्ञात बदमाशों ने लूट की वारदात की। अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड समीप से शनिवार की शाम अज्ञात बदमाशों ने असलहे के दम पर टाइल्स ठेकेदार का अपहरण कर लिया। इसके बाद ताखा डिग्री कॉलेज के समीप मारपीट कर 60 हजार नकदी समेत मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पिड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। क्षेत्र के ताखा पश्चिम गांव निवासी विजय कुमार पुत्र दिनेश कुमार ठेकेदारी का काम करता है। शनिवार को उसका काम समीपस्थ जनपद के हुब्बीगंज मे चल रहा था। वहां से विजय को 50 हजार रुपये नकद भुगतान में मिले। नकदी रुपये लेकर वह अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड समीप पहुंचा। इस दौरान विजय चिरैया मोड स्थिति सहज जनसेवा केंद्र से दस हजार रुपये निकालकर आगे बढ़ा ही था कि बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे आवाज देकर पास बुलाया। इसके बाद बदमाशों ने असलहे के दम पर उसे बाइक पर बिठाकर ताखा डिग्री कॉलेज के समीप नहर के पुलिया के पास ले गए। यहां मारपीट कर ठेकेदार से 60 हजार नकदी समेत मोबाइल लूटकर भाग निकले। उसने घटना की जानकारी पुलिस समेत परिवार को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। इस संबंध में पूछे जाने पर क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

## महाकुंभ में तकनीक से वीवीआईपी की सुरक्षा करेगा आईआईटी

**कानपुर(उत्तरशक्ति)**। प्रयागराज में शुरू हो रहे महाकुंभ में शामिल होने वाली राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई गणमान्य हस्तियां की सुरक्षा में आईआईटी कानपुर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश सरकार ने आईआईटी को डिजिटल सिक्योरिटी के रिव्यू की जिम्मेदारी सौंपी है। पूरे महाकुंभ की सिक्योरिटी को डबल चेक करने या बदलाव करने की पूरी छूट टीम के पास रहेगी। महोत्सव में हिस्सा लेने देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के अलावा कई बड़ी राजनीतिक, गैर राजनीतिक हस्तियां भी शामिल होने आएंगी। महाकुंभ में तकनीक की मदद से सुरक्षा को पुख्ता किया गया है। आईआईटी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, साइबर सुरक्षा समेत अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सुरक्षा के चक्रव्यूह को रिव्यू करेगा। संस्थान के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल की देखरेख में दस से अधिक वरिष्ठ वैज्ञानिकों की टीम लगातार प्रयागराज का दौरा कर डिजिटल सिक्योरिटी का निरीक्षण कर रही है। जगह-जगह सेंसर लगाए गए हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए आरएस-आईडी का इस्तेमाल किया जाएगा। मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। कई सिक्योरिटी सर्वर बनाए गए हैं। जगह-जगह स्कैनर लगाए गए हैं। वैज्ञानिक रिव्यू के आधार पर लगातार डिजिटल सिक्योरिटी में फेरबदल करने के साथ अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर कमियों को दूर करेंगे। प्रभारी प्रो. दीपू फिलिप ने बताया कि कुंभ की सुरक्षा के रिव्यू की जिम्मेदारी दी गई है।

## हरिद्वार का बाबा बनकर महिला के ले लिए जेवर

गोरखपुर। शाहपुर थाने के पास महिला से डॉक्टर के क्लीनिक का पता पूछने के बहाने रोककर युवकों ने जालसाजी से पहने हुए जेवर उतरवा लिए। युवकों ने खुद को हरिद्वार का बाबा बताया था। घटना 26 दिसंबर कोई हुई थी। घटना से सदमें में आई महिला ने पहले किसी को कुछ नहीं बताया। बाद में बेटियों को जानकारी दी तो बृहस्पतिवार रात पुलिस को सूचना दी गई। केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

शक्तिनगर कॉलोनी, बशारतपुर निवासी एमएम लाल श्रीवास्तव की पत्नी शीला श्रीवास्तव ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 26 दिसंबर की दोपहर में 2.15 बजे वह थाना शाहपुर वाले चौराहे पर सामान खरीदने गई थीं। वहां पर अचानक दो युवक आए और हड्डी के डॉ. सिसौदिया का पता पूछने लगे। इसके बाद युवकों ने खुद को हरिद्वार का बाबा बताकर बातें करने लगे। जब तक कुछ समझ पाती दोनों युवक थाने के बगल में स्थित अशोक के पेड़ के पास लेकर चले गए। वहां पर पहना हुए जेवर जिसमें दो सोने की चूड़ी (30 ग्राम), एक चेन, एक सोने की अंगूठी ले लिए। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

## कचहरी में दिनदहाड़े अधिवक्ता पर झोंका फायर, चार आरोपी गिरफ्तार

**बरेली (उत्तरशक्ति)**। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में कचहरी के पास एक वकील के चैंबर में घुसकर उस पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार चार युवकों को शनिवार को जेल भेज दिया गया। बरेली के पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने बताया कि शुक्रवार दोपहर पांच युवक अधिवक्ता राजाराम सोलंकी के चैंबर में घुसे और उन पर गोली चला दी। हालांकि, इस घटना में सोलंकी बाल-बाल बच गए। पारीक के अनुसार, गोली की आवाज सुनकर बाकी अधिवक्ता चैंबर में पहुंचे और चार आरोपियों को घेर लिया, जबकि एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, सोलंकी ने सचिन, देव ठाकुर, रोहित कुर्मी, मोहित और एक अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर दी थी, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसने बताया कि शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए सचिन, देव, रोहित और मोहित को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

## बदमाशों ने शिक्षक दंपती की बेटी को बंधक बनाकर 40 लाख की लूट

मेरठ (उत्तरशक्ति)। मेरठ में बदमाशों ने दिनदहाड़े पॉश कॉलोनी में बड़ी लूट को अंजाम दिया है। यहां टीचर दंपती के मकान में नकाबपोश बदमाश घुसे और परिजनों को बंधक बनाकर लाखों रुपये की नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। बताया गया कि बदमाश नए घर के कागजात भी अपने साथ ले गए। जानकारी के अनुसार मेडिकल थानाक्षेत्र के शिवलोक कॉलोनी में शिक्षक रविंद्र अग्रवाल पुत्र हेमचंद मोदीनगर में शिक्षक हैं। वह पत्नी वंदना के साथ रहते हैं। वंदना शास्त्रीनगर के डीएवी स्कूल में टीचर हैं। उनकी बेटी अनन्या(15) एमपीजीएस में कक्षा 10 की छात्रा है। बताया गया कि आज छात्रा घर पर अकेली थी इसी दौरान सुबह के समय दो बदमाश संदली लेने के बहाने शिक्षक के घर पहुंचे। बेटी अनन्या ने दरवाजा खोला तो बदमाशों ने उसे धक्का देकर अंदर धकेल दिया और बंधक बना लिया। बदमाशों ने नगदी जेवरात एकत्र किए और लेकर फरार हो गए। छात्रा ने जैसे-तैसे खुद को बंधनमुक्त किया और आसपास के लोगों को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। जांच में सामने आया कि रविद्र इन दिनों मकान का निर्माण करा रहे हैं। इसी दौरान बदमाशों ने संदली लेने के बहाने लूट को अंजाम दिया। बदमाश अपने साथ 35 से 40 लाख के जेवरात, 20 हजार कैश व नए घर के दस्तावेज भी ले गए हैं।

## मॉल में घुसकर बंदर ने मचाया उत्पात

**झांसी (उत्तरशक्ति)**। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के एक सिटी कार्ट मॉल में अचानक एक बंदर घुस आया और उछलकूद मचाने लगा। बंदर की बदमाशियों से लोग परेशान हो गए। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, झांसी के मऊरानीपुर स्थित सिटी कार्ट मॉल में लोग शॉपिंग कर रहे थे और अचानक एक बंदर वहां आ गया। बंदर ने यहां जमकर उत्पात मचाया। बंदर ने पहले एक लड़की को परेशान किया। वह कभी उसके सिर पर बैठता तो कभी कपड़ों के स्टैंड पर। बंदर ने लड़की के बाल भी नोचे और उसे मारा भी।

## पूर्व महापौर स्व. आर. आर. सिंह की 87वीं जयंती पर याद किये गये



**मुंबई**। मुंबई के पूर्व एवं प्रथम उत्तर भारतीय महापौर स्व आर आर सिंह की 87वीं जयंती पर माता की चौकी (गायक दिलीप सिंह डडवाल) का आयोजन आर. आर. सभागृह, आर. आर. एजुकेशनल ट्रस्ट मार्ग, म्हाडा, मुलुंड पूर्व पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्व दलों के नेता पूर्व सांसद रमेश दूबे, मनोज कोटक, पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी, मुंबई कांग्रेस के उपाध्यक्ष पूर्व नगरसेवक बी के तिवारी, सुरेश कोपरकर, गोविन्द सिंह, पूर्व नगरसेवक चंद्रकांत निर्भवने, समिता कांबले, नंदू वैती, कांग्रेस नेता डॉ. बाबूलाल सिंह, किशोर मुंडेकल, केतन शाह, उत्तम गीते, राजेश इंगले, मंगला शुक्ला, मधुकर म्हात्रे, कैलाश पाटील, डॉ. सचिन सिंह, डॉ आर एम पाल, बिजेंद्र सिंह (प्रधान ),संतोष सोनावणे,रमेश जायसवाल,भवन निमार्ता रामु वर्मा, गोपाल कड़व,अनीश शाह,भाजपा नेता जयप्रकाश सिंह,बिरजू मुंदडा, विनोद कांबले, मनीष तिवारी,पप्पू जोशी, शिवसेना नेता जगदीश शेट्टी, विनायक घाणेकर, वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी, अनिल शुक्ला, अविनाश पांडे, बिपिन पांचाल, धनुषधारी यादव, बिपिन जोशी, आर पी आई नेता प्रकाश लाहितकर, महिला कांग्रेस नेता नीता जोशी, बबिता गुप्ता, अमरजीत कौर, त्रिवेणी गोस्वामी, अलका सावला, लक्ष्मी शाह, समाजसेवी डॉ. हरीश सिंह, प्रसन्ना ताथरे, कमलेश यादव, उमेश यादव,बीरेंद्र पाठक, डॉ अमर बहादुर पटेल, चन्द्रवीर यादव, आर.सी. मिश्रा, रमेश यादव, हरिराम वर्मा,एड. लालचंद पटेल, राम अचल पटेल, जीत बहादुर पटेल, शशिकला पटेल, आर. बी. यादव,रामदास सोनावणे, मनोज सिंह, राजेंद्र यादव, अमित जायसवाल उपस्थित होकर आर. आर. सिंह के स्मृतियों को व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आयोजक डॉ. आर. आर. सिंह, मोहनलाल राज, राजेंद्र उटवाल, रामु जैस्वाल,भगवान किशोर तिवारी ने सभी श्रद्धालु जनों का शाल एवं माताजी का अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर भारी संख्या में मुलुंडवासियों ने अपने प्रिय नेता का स्मरण एवं माता की चौकी का आनंद तथा महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में उमेश वाणी, मनीष ठक्कर, विपुल गोगरी, महेश पाटील, शरीफ खान, हीरा भाई मेहता, अनिल सिंह, बाबू चावड़ा, संजय झा एवं आर. आर. स्कूल, कॉलेज के सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## बालाजी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कल से

**नालासोपारा (उत्तरशक्ति )**। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर जो कि नव्य प्रॉपर्टीज,शीतल हाइट्स, के के हॉस्पिटल के नजदीक कैपिटल मॉल के पास स्थित है, इस मंदिर की स्थापना 3 से 4 वर्ष पूर्व ही हुई है परंतु दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं के श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन हुआ हुआ। बड़ी संख्या में दर्शनार्थी आ रहे है। इस मंदिर के पुजारी है छोटेलाल चौबे है,इस मंदिर का संचालन बालाजी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। इस मंदिर पर प्रतिवर्ष एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। गत वर्ष इस भंडारे में लगभग 12 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया था। इस वर्ष यह संख्या 15 हजार तक पहुंच सकती है ऐसा अनुमान कमेटी द्वारा लगाया गया है। इस वर्ष के कार्यक्रम इस प्रकार है संपूर्ण रामचरित मानस 13 जनवरी 2025 दिन सोमवार सुबह 7 बजे से शुरू होगा इसके बाद श्री सत्यनारायण कथा हवन पूजन पूणार्हुति दिन मंगलवार को 14 जनवरी 2025 को होगा और इसी दिन 14 जनवरी 2025 को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। कमेटी के द्वारा सभी भक्तों और सनातनियों से अपील किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए,ये समस्त जानकारी कमेटी के अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे ने दी है। रमेश चंद्र पांडे बहुत धार्मिक उच्च कोटि के हनुमान जी के भक्त है। बहुत ही सहृदय,विनम्र स्वभाव वाले है और धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है।

## शिवसेना शिंदेगटद्वारा प्रणित सहकार सेना की नियुक्ती



**नालासोपारा**। नाला सोपारा शिवसेना शिंदे गट आंबेवाडी कार्यालय मे वंदनीय हिंदुहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख स्व. बाळासाहेब ठाकरे और वंदनीय गुरुवर्य स्व. धर्मवीर आनंद दिघे के आशीर्वाद से तथा उपमुख्यमंत्री और शिवसेना के मुख्य नेता एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में, सांसद आनंदराव अडसूळ साहेब (सहकार सेना के अध्यक्ष, शिवसेना के नेता, पूर्व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री) के समवेत सहकार सेना में बड़ी संख्या में पार्टी प्रवेश हुआ। इस खुशी के अवसर पर आनंद यादव (सचिव), नवीन कदम (उप-शहर प्रमुख वसई पूर्व, पालघर लोकसभा प्रमुख सहकार सेना), सौ. शीतल नवीन कदम (महिला आघाडी पालघर जिला संघटक, वसई नालासोपारा विधानसभा, पालघर महिला सेना जिला संघटक सहकार सेना), सौ. कस्तुरी धोंडे (महिला आघाडी नालासोपारा संपर्क प्रमुख, राज्य महिला समन्वयक सहकार सेना), सौ. पद्मा जाधव (शहर संघटक विरार, उपजिल्हा संघटक सहकार सेना) और अन्य पुरुष एवं महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। मनःपूर्वक अभिनंदन और भविष्य के कार्यों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ।

## बिहार के शिक्षकों को रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगा टीचिंग जॉब फेयर – 2025




पटना (उत्तरशक्ति)। बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल के रूप में, शिक्षा स्टार्टअप संस्था एडुडोर ने दो दिवसीय ₹टीचिंग जॉब फेयर - 2025₹ का भव्य शुभारंभ किया। इस फेयर का शुभारंभ उद्घाटनकर्ता सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रविशंकर प्रसाद, विशिष्ट अतिथि सिडबी की जीएम अनुभा प्रसाद, रुबन हॉस्पिटल की चेयरमैन बिभा सिंह, प्रबंध निदेशक डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, चेतना समिति की चेयरमैन निशा मदन झा, शिल्पिन्न की संस्थापक रंभा झा व एडुडोर के निदेशक प्रेम ओझा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। आगत अतिथियों ने कहा कि यह आयोजन बिहार के शिक्षा क्षेत्र को एक नई दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडुडोर के निदेशक प्रेम ओझा ने कहा कि 11 और 12 जनवरी को आयोजित इस दो दिवसीय फेयर का उद्देश्य बिहार भर के शिक्षकों को रोजगार के बेहतरीन अवसर प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में बिहार भर से निजी स्कूल हिस्सा ले रहे हैं, जिनके द्वारा शिक्षकों के लिए वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार के बेहतरीन अवसर प्रदान किए जाएंगे। हमारे इस आयोजन के माध्यम से शिक्षकों को अच्छे रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की कमी दूर होगी और योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के द्वारा शिक्षा के स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इस कार्यक्रम से न केवल शिक्षक समुदाय को लाभ होगा, बल्कि इससे छात्रों को बेहतर शिक्षा का अनुभव भी मिलेगा। हम चाहते हैं कि हमारे शिक्षक अपने करियर में सफलता प्राप्त करें और बच्चों की बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करें। हमारे द्वारा आयोजित किए जाने वाले ट्रेनिंग सत्र और करियर काउंसलिंग से शिक्षकों को अपने कौशल को पहचानने और उसे निखारने का अवसर मिलेगा। हम इसे एक प्लेटफॉर्म के रूप में देखते हैं, जहां शिक्षकों को न केवल रोजगार मिलेगा, बल्कि उन्हें पेशेवर विकास के लिए भी हर संभव सहायता प्राप्त होगी। प्रेम ओझा ने बताया कि इस आयोजन में विशेष रूप से रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल को स्वास्थ्य साझीदार के रूप में शामिल किया गया है, जो शिक्षकों और आगंतुकों के स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान करेगा। यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि इस टीचिंग जॉब फेयर के दौरान सभी का स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा जायेगा। इस फेयर में शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल, नवादा, नेशनल पब्लिक स्कूल, कटिहार, एवीएम पब्लिक स्कूल, कटिहार, एंग्लो ईस्टर्न इंटरनेशनल स्कूल, वैशाली, ज्ञानोदय गुरुकुल स्कूल, पटना, शांति मिशन अकादमी, सहरसा, सेंट पॉल पब्लिक स्कूल, बेगूसराय, प्रेसिडेंसी ग्लोबल स्कूल, पटना, स्काई विजन पब्लिक स्कूल, लखीसराय,ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, आरा, आरपीएस कॉन्वेंट स्कूल, नवादा,अद्वैता मिशन हाई स्कूल, बांका, विवेकानंद वीआईपी स्कूल, औरंगाबाद, सेंट जॉन सेकेंडरी स्कूल, बक्सर, चंद्र शील विद्यापीठ, मुजफ्फरपुर, अंकुरम रोबोटिक्स, पटना आदि स्कूल प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## बिहार नर्सरीमेन एसोसिएशन की घोषणा, ग्रीन वॉरियर बन वृक्षारोपण और भूजल संरक्षण पर करेंगे काम



पटना(उत्तरशक्ति)। बिहार नर्सरीमेन एसोसिएशन द्वारा शनिवार को कृषि अनुसंधान संस्थान मीठापुर में एक प्रेस वार्ता कर एसोसिएशन की घोषणा की गई। प्रेस वार्ता को एसोसिएशन के अध्यक्ष ए.के. मणि, सचिव अभिजीत नारायण एवं कोषाध्यक्ष अमृता ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि अनुसंधान संस्थान मीठापुर के क्षेत्रीय निदेशक व नालन्दा हॉर्टिकल्चर कॉलेज, नूरसराय के प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी और बिहार के सभी नर्सरीमेन को संगठित कर कार्य करने की सलाह दी। मौके पर उपस्थित एसोसिएशन के अध्यक्ष ए.के. मणि ने कहा कि नर्सरी और उसके संबद्ध क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों को एक मंच पर लाना है जिससे आपसी व्यापार विकास में मदद मिलेगी और बिहार में असंगठित नर्सरी व्यवसाय, संगठित उद्योग में परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि हम सरकार, निजी संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट्स, स्कूलों और कॉलेजों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान और भूजल संरक्षण कार्यक्रम पर काम करेंगे। वहीं अपने संबोधन में एसोसिएशन में सचिव अभिजीत नारायण ने कहा कि सबसे पहले हमें आवश्यक बदलावों के लिए सरकार और नीति निमार्ताओं के सामने अपनी चिंताओं को लेकर नर्सरीमेन की बाधाओं को दूर करना होगा, जिससे व्यवसाय और समाज को बड़े पैमाने पर लाभ हो सकता है। बिहार को पौधा क्रेता से पौधा उत्पादक और भारत भर में अपने मूल और पारंपरिक बागवानी और सजावटी पौधों में सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता में परिवर्तित करना होगा। विभिन्न बागवानी सेवाओं में कौशल विकास के माध्यम से नर्सरीमेन के व्यवसाय का उत्थान करना है और इसमें रोजगार पैदा करना है। किसानों और छात्रों के बीच वृक्षारोपण के बारे में जागरूकता और महत्व बढ़ाना है ताकि उन्हें हरित योद्धा बनाया जा सके। जबकि एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अमृता ने कहा कि राज्य की परियोजनाओं में बिहार के नर्सरीमेन और किसानों को प्राथमिकता देना होगा। बिहार में पौधों की गुणवत्ता और बड़े पैमाने पर उत्पादन में सुधार के लिए हमें उत्पादन के तरीके को पारंपरिक तरीके से बदलकर उच्च तकनीक वाली आधुनिक तकनीक का उपयोग करना होगा, इसके लिए हमें पहले सरकारी एजेंसियों के मार्गदर्शन में विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से उसे कुशल बनाना होगा। हमारा सुझाव है कि नर्सरी बीज अधिनियम में बदलाव के साथ फसल बीमा और पट्टे की भूमि को भी शामिल किया जाए। बीमा में नर्सरी पौधों / उत्पादों और व्यवसाय को जोड़ने के लिए ऋण / सीसी लेने के लिए बैंकों द्वारा हमेशा इसकी मांग की जाती है। प्रत्येक कस्बे में नर्सरी व्यवसाय के लिए स्थान उपलब्ध कराना और ऑक्सीजन जोन / चैम्बर विकसित करना होगा। सरकारी निकायों / कॉर्पोरेटों / एनजीओ के साथ नियमित बैठकें करना होगा ताकि बिहार में हमारे संघ और हमारे सदस्य नेटवर्क और प्रत्येक जिले में बड़ी परियोजनाओं को संभालने की क्षमताओं के बारे में जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि अपनी मातृ प्रकृति को बचाने के इस मिशन में हम सभी को योगदान देने की जरूरत है और यह तभी हो सकता है जब हम इसे राज्य और देश की पूरी आबादी से जोड़ सकें। हम नर्सरीमेन और किसानों ने इस कार्य को अपने हाथ में लेने का फैसला किया है और हम ग्रीन वॉरियर के रूप में इस मिशन में आगे से नेतृत्व करेंगे। मौके पर एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य मनीष कुमार, सुनील कुमार, अविनाश वर्मा, अंकुर बनर्जी, रौशन कुमार झा, नीरज कुमार चौरसिया, अमित राय ने भी अपनी बातों को रखा।

## कृष्णा डेरी के कर्मचारियों पर 1 करोड़ से अधिक गबन का आरोप सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)**। महराजगंज स्थानीय क्षेत्र के ढेमा गांव निवासी श्रीकांत यादव का कृष्णा डेरी नाम से फर्म कडेरेपुर में डड़वा तालाब के समीप वर्षों से संचालित है, जिसमें कई सचिव ड्राइवर और अकाउंटेंट समेत मिलकर 1 करोड़ से अधिक रुपए का घोटाला किये हैं। कृष्णा डेरी फर्म के मालिक श्रीकांत ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 7 लोगों ने मिलकर यह घोटाला किया है।जिसमें जौनपुर लोहरियाव गांव के दुग्ध सचिव अनुज मौर्य पुत्र राम आसरे मौर्य, बेलवार थाना सुजानगंज के सचिव रामसिंह यादव पुत्र राजाराम, गद्दोपुर थाना महराजगंज के सचिव अभिषेक सिंह पुत्र अरुण सिंह, हरिपुर सचिव शिवम सिंह पुत्र अरविंद, अखिलेश यादव पुत्र राम नक्षत्र (अकाउंटेंट) जिला देवरिया, प्रियांशु यादव पुत्र महेंद्र यादव नेवादा बदलापुर, अश्वनी सिंह पुत्र रमाशंकर (अकाउंटेंट) जिला बलिया, गाड़ी ड्राइवर अभिषेक सिंह मिलकर 1 करोड़ रुपए से अधिक का लूटपाट कर लिए हैं।

सुबह 100 लीटर शाम को डेढ़ सौ लीटर दूध फर्जी ढंग बेचकर दूध में पानी मिलाकर तौल कराते रहे। रामसिंह सचिव ने घोटाला करने की बात एक वीडियो में स्वीकार भी किया है। पैसा मांगने पर उक्त लोग फर्म मालिक से गाली–गलौज और मारने–पीटने की धमकी देते रहे जिसकी लिखित सूचना क्षेत्राधिकारी बदलापुर को दिया गया। तहरीर के आधार पर महाराजगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

इस प्रकरण में थानाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है।

## बदलापुर रोडवेज बसअड्डा 13 जनवरी से चालू

**बदलापुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)**। विधायक रमेश चंद्र मिश्र द्वारा बसड्डा परिसर में बैठक में वार्ता के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जमीन उपलब्ध हो जाने पर इस बस अड्डे को बस डिपो में परिवर्तित कर दिया जाएगा और उन्होंने कहा कि महाकुंभ स्नान के लिए बदलापुर बस अड्डे पर काशी डिपो से 14 बसें जौनपुर से 12 बसे गाजीपुर से 13और सोनभद्र से 7 बसें कुल 46 बदलापुर से संचालिका जाएगी, जो बदलापुर महाराजगंज से गुजरेगी, इसके लिए 12जनवरी से कर्मचारी बुकिंग पटल पर बैठ जायेगे।13 14 29 जनवरी तथा 3 12 26 फरवरी तक फ्लाई ओवर ब्रिज खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बदलापुर बस अड्डे से हर आधा घंटे बस महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाएगी जिसमें प्रति व्यक्ति 122रु भाड़ा होगा और जो लोग सामूहिक रूप से बस रिजर्ब कराना चाहते हैं तो बस उनके गांव में निर्धारित स्थान पर खड़ी रहेगी। फिर वापस स्नान के बाद गांव तक पहुंचेगी। इस अवसर विधायक जी ने एक वार्ता के दौरान कहा कि बदलापुर बस अड्डे से इलेक्ट्रानिक बसे संचालित होने से पूर्व चार्जिंग व्यवस्था पूर्ण हो जाएगी। प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए बदलापुर अड्डे से जाएगी। 46 बसें के माध्यम से बदलापुर सहित समस्त क्षेत्रवासियों से अनुरोध है कि महाकुंभ में स्नान करने बदलापुर सरो खनपुर बस अड्डे से आकर यात्रा करें।परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने जनता के लिए जो सौगात दी है उनके आभारी हे।जनता को सुगमता दी गई है। विधायक ने कहा कि बदलापुर बसअड्डे से 122 रुपए संगम तक का किराया होगा। वापसी भी उतने ही भाड़े में बस अड्डे तक पहुंच जाएंगे। एक बात उन्होंने कहा कि जो लोग सामूहिक रुप से स्नान हेतु रिजर्व चाहते हे तो 50 व्यक्ति का होना अनिवार्य है। इस योजना में 2 व्यक्ति को फ्री सेवा की जाएगी। यह सुविधा लेना चाहते हैं तो उन्हें गांव से संगम स्नान तक बस सेवा मिलेगी। रहेगा और उसके बाद वापिस उनके गांव तक पहुंचेगी। दिनांक 13.01.25. बसें श्रीकृष्ण नगर रेलवे क्रॉसिंग से होकर प्रयागराज को जाएंगी और वरिष्ठ केंद्र प्रभारी परिवहन विभाग प्रदीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अंत में विधायक रमेश मिश्रा ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया।




